तापमान
अधिकतम 44.0 डिग्री
न्यूनतम 19.6 डिग्री

हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, शुक्रवार 15 मई 2026

**शहर में आज**
- उपायुक्त की अधिकारियों के साथ बैठक
- पैरा एशियन गेम्स के ट्रायल विषय को लेकर मैना टूरिज्म में प्रैसवार्ता
- रेहड़ी फड़ी वालों के लिए पीएनबी बैंक की तरफ से कैंप

## एचबीएसई 10वीं का परिणाम घोषित

*जिले से कुल 9428 छात्रों ने परीक्षा दी, 456 पास हुए, जबकि 782 की कंपार्टमेंट आई और 190 विद्यार्थी असफल रहे*

# चमकी म्हारी छोरियां, गीता प्रदेश में तीसरे व ईशा चौथे स्थान पर रहीं

## जिले का परीक्षा परिणाम 89.69 प्रतिशत रहा, प्रदेश में 17वें स्थान पर रहा शहर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा 10वीं कक्षा की परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया है। जिले की बेटियों ने प्रदेश की मेरिट सूची में स्थान बनाकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इस बार रोहतक जिले का कुल परिणाम 89.69 प्रतिशत रहा, जिसके साथ जिला प्रदेश भर में 17वें स्थान पर काबिज हुआ। जिले से कुल 9428 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी, जिनमें से 8456 पास हुए, जबकि 782 की कंपार्टमेंट आई और 190 विद्यार्थी असफल रहे। जबकि पिछले वर्ष 2025 में जिले का परिणाम 94.06 प्रतिशत पास रहा था। इस दौरान जिला प्रदेश में 8वें स्थान पर रहा था। जिले की बेटी गीता ने प्रदेश में तीसरा और जिले में पहला स्थान हासिल किया। वहीं, ईशा ने प्रदेश में चौथा और जिले में दूसरा स्थान हासिल किया। इसके अलावा ईशांत ने जिले में तीसरा स्थान हासिल किया।

**गीता को मिठाई खिलाते परिवार के लोग**



### सेना में जाना चाहती हैं गीता

- रोजाना 8 से 10 घंटे पढ़ाई कर मुकाम हासिल किया

जिले के गांव सुंडाना स्थित सरकारी स्कूल की छात्रा गीता ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए पूरे हरियाणा में 497 अंकों के साथ तीसरा स्थान हासिल किया है। गीता के पिता शिव कुमार ढाका ने बताया कि गीता रोजाना 8 से 10 घंटे पढ़ाई करती थी। उन्होंने गीता का सपना भारतीय सेना में जाने का है, जिसके लिए अब वह एनडीए की तैयारी भी कर रही है। बेटी गीता के ऑल हरियाणा में तीसरा स्थान हासिल करने पर घर में खुशी का माहौल है और आसपास के ग्रामीण उन्हें बधाई देने आ रहे हैं। वहीं, स्कूल से भी प्रिंसिपल ने बधाई दी है। बेटी ने पूरे हरियाणा में नाम रोशन कर दिया है। अपनी सफलता के लिए उन्होंने कड़ी मेहनत की और अब वे 11वीं में नॉन-मेडिकल विषय लेकर आगे की पढ़ाई करेंगी।

### बिना ट्यूशन ईशा ने कायम की मिसाल

- डॉक्टर बनकर समाज सेवा करने का लक्ष्य



ईशा

काहनौर के एसवीएम वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की छात्रा ईशा ने साबित कर दिया कि बिना कोचिंग और ट्यूशन के भी बड़ी सफलता हासिल की जा सकती है। ईशा ने 496 अंक हासिलक करके प्रदेश में चौथा और जिले में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। ईशा का लक्ष्य डॉक्टर बनकर समाज सेवा करना है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय स्कूल के अध्यापकों और नियमित पढ़ाई को दिया। ईशा के अनुसार, उन्होंने पूरे साल सोशल मीडिया और मोबाइल से दूरी बनाए रखी, जिससे उन्हें एकाग्रता के साथ पढ़ने में मदद मिली। स्कूल की निदेशिका अनिता शर्मा ने छात्रा की इस उपलब्धि को अन्य बच्चों के लिए प्रेरणा स्रोत बताया है। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष विद्यालय की छात्रा दिव्यांशी ने दसवीं बोर्ड परीक्षा में हरियाणा में दूसरा स्थान प्राप्त किया था। उसी सफलता से प्रेरित होकर इस वर्ष विद्यालय की एक अन्य छात्रा ने कड़ी मेहनत करते हुए हरियाणा में चौथा और रोहतक जिले में दूसरा स्थान हासिल किया है। छात्रा ने बताया कि जब उसने दिव्यांशी की सफलता देखी, तभी उसने भी मन में ठान लिया था कि उसे भी बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करना है।

---

## सरकार ने कर्मचारियों की लगभग सभी मांगों पर जताई सहमति, हड़ताल समाप्त

# बड़ी राहत, आज से उठेगा कूड़ा

- शहर में हर तरफ दिख रहे कचरे से मिलेगी निजात, गंदगी से मिलेगा छुटकारा
- ठेके पर कार्यरत सफाई कर्मियों का न्यूनतम वेतन बढ़ाकर 15,220 रुपये किया जाएगा
- ईएसआई और ईपीएफ जैसी सुविधाओं का लाभ मिलेगा वेतन बैंक खातों में जाएगा



*एक मई को शुरू हुई सफाई कर्मचारियों की हड़ताल 14वें दिन गुरुवार को खत्म हो गई। रोहतक, कलानौर, महम और सांपला में कर्मचारी काम पर लौट आए।*

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतकध/महम/सांपला

शहर में 13 दिन से चली आ रही सफाई कर्मचारियों की हड़ताल गुरुवार को समाप्त हो गई। अब शुक्रवार से शहरी क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था पटरी पर लौटने की उम्मीद है। नगर पालिका के सफाई कर्मचारी काम पर लौटेंगे, लेकिन इसी बीच ग्रामीण क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था प्रभावित होने के आसार बन गए हैं। शुक्रवार से प्रदेशभर के ग्रामीण सफाई कर्मचारी दो दिवसीय राज्यव्यापी हड़ताल पर जा रहे हैं। हड़ताल को लेकर गत बुधवार को प्रभात भवन में ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन (सीटू) की बैठक आयोजित की गई थी। इसमें कर्मचारियों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर सरकार के खिलाफ आंदोलन तेज करने का निर्णय लिया। यूनियन पदाधिकारियों ने बताया कि सरकार द्वारा घोषित 26,000 और 27,000 रुपये वेतनमान को अभी तक पूरी तरह लागू नहीं किया गया है। कर्मचारियों की मांग है कि घोषित वेतन वृद्धि को धरातल पर लागू किया जाए और सेवा सुरक्षा के लिए एक्स-ग्रेशिया नीति बनाई जाए। इसके अलावा ड्यूटी के दौरान किसी कर्मचारी की मृत्यु होने पर परिजनों को 50 लाख रुपये तक मुआवजा देने, ठेका प्रथा समाप्त करने तथा ग्रामीण व शहरी सफाई कर्मचारियों को पक्का करने की मांग भी प्रमुख रूप से उठाई गई है। यूनियन का कहना है कि लंबे समय से मांगों को लेकर सरकार से बातचीत की जा रही है, लेकिन समाधान नहीं होने के कारण कर्मचारियों को आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ रहा है। यूनियन नेताओं ने बताया कि 15 और 16 मई की हड़ताल के बाद 17 मई को अगली बैठक होगी, जिसमें आंदोलन को और तेज करने की रणनीति बनाई जाएगी। उधर, फायर ब्रिगेड कर्मचारियों ने भी अपनी हड़ताल को 30 जून तक के लिए स्थगित कर दिया है।

### महम: आज काम पर लौटेंगे सफाई कर्मचारी

नगर पालिका के सफाई कर्मचारियों ने 14 दिन बाद अपनी हड़ताल समाप्त करने की घोषणा कर दी। शुक्रवार सुबह से कर्मचारी दोबारा सफाई कार्य संभालेंगे। धरने के अंतिम दिन विधायक बलराम दांगी कर्मचारियों को समर्थन देने पहुंचे और कहा कि मांगें मान ली हैं।

**तेज आंधी का कहर**

# पुराने शहर की बिजली व्यवस्था ठप, 16 घंटे अंधेरे में रहे लोग

*कई ट्रांसफार्मर जले, बिजली के तार टूटे, पानी और मोबाइल चार्जिंग को लेकर बढ़ी परेशानी*

- कई घरों में इनवर्टर भी कुछ घंटों बाद जवाब दे गए

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक

शहर में आई तेज आंधी ने पुराने शहर की बिजली व्यवस्था पूरी तरह चरमरा दी। तेज हवाओं और धूलभरी आंधी के कारण कई इलाकों में ट्रांसफार्मर जल गए, जबकि जगह-जगह बिजली के तार टूटकर गिर पड़े। इसका असर यह हुआ कि पुराने शहर के बाबरा मौहल्ला, प्रताप चौक व कई मोहल्लों में करीब 16 घंटे तक बिजली आपूर्ति ठप रही। लंबे बिजली कट के कारण लोगों को रात अंधेरे में बितानी पड़ी, वहीं पानी की सप्लाई बंद होने से परेशानी और बढ़ गई। आंधी के बाद सबसे ज्यादा असर पुराने शहर के घनी आबादी वाले इलाकों में देखने को मिला। अचानक बिजली गुल होने से लोग पहले तो सामान्य कट समझते रहे, लेकिन देर रात तक सप्लाई बहाल नहीं होने पर लोगों की चिंता बढ़ गई। कई घरों में इनवर्टर भी कुछ घंटों बाद जवाब दे गए, जिसके चलते लोगों को पूरी रात बिना बिजली के गुजारनी पड़ी।

### पानी की सप्लाई हुई प्रभावित

बिजली गुल होने का सीधा असर पानी की सप्लाई पर भी पड़ा। कई घरों में मोटर नहीं चल पाने के कारण पानी की टंकियां खाली हो गईं। सुबह लोगों को पीने के पानी तक के लिए परेशान होना पड़ा। कुछ इलाकों में लोग बाल्टियों और कैनों में पानी भरने के लिए इधर-उधर भटकते नजर आए। लोगों ने बताया कि सुबह बच्चों को स्कूल और लोगों को नौकरी पर जाने से पहले काफी परेशानी उठानी पड़ी। बिजली नहीं होने से घरों में लगे आरओ सिस्टम भी बंद रहे, जिससे पीने के पानी की समस्या और बढ़ गई।

### रातभर गर्मी से परेशान रहे लोग

भीषण गर्मी और उमस के बीच बिजली बंद होने से लोगों की परेशानी दोगुनी हो गई। पंखे और कूलर बंद होने से छोटे बच्चे और बुजुर्ग सबसे ज्यादा परेशान नजर आए। कई लोग रात को घरों की छतों और गलियों में बैठे दिखाई दिए। लोगों का कहना था कि बिजली कटने के बाद मोबाइल फोन तक बंद होने लगे, जिससे संपर्क करना भी मुश्किल हो गया। पुराने शहर निवासी राजेश कुमार ने बताया कि रात करीब नौ बजे बिजली गई थी, लेकिन सुबह तक भी सप्लाई शुरू नहीं हुई।

### फॉल्ट ढूंढने में जुटी रहीं टीमें

आंधी के बाद बिजली निगम की टीमें रात से ही फॉल्ट ढूंढने में जुट गई थीं। अधिकारियों के अनुसार तेज हवा के कारण कई जगह पेड़ों की टहनियां तारों पर गिर गईं, जिससे लाइनें क्षतिग्रस्त हो गईं। कुछ क्षेत्रों में ट्रांसफार्मर भी जल गए, जिन्हें बदलने में काफी समय लगा।

### तकनीकी खराबी से दिक्कत

बिजली निगम अधिकारियों का कहना है कि आंधी के कारण कई स्थानों पर तकनीकी खराबी आई थी। कर्मचारियों ने लगातार काम करके सप्लाई को बहाल किया। अधिकारियों के अनुसार जहां ट्रांसफार्मर जले हैं, वहां नए ट्रांसफार्मर लगाने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है।

# अब आदमी को खा रहे जानवर

### हाइवे किनारे झाड़ियों में मिला बिना हाथ का महिला का शव



रोहतक। मौके पर जांच करते पुलिस अधिकारी व एफएसएल एक्सपर्ट डॉ.सरोज दहिया। फोटो: हरिभूमि

- गांव खैरड़ी के पास मिली लाश फैली सनसनी

**रोहतक।** कलानौर क्षेत्र के गांव खैरड़ी के पास 152डी हाइवे किनारे झाड़ियों में बृहस्पतिवार सुबह एक महिला का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिलने से सनसनी फैल गई। शव नग्न अवस्था में था और दोनों हाथ गायब मिले। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए एफएसएल टीम को भी बुलाया गया। पुलिस के अनुसार मृतका की उम्र करीब 35 से 40 वर्ष के बीच है। शव बुरी तरह सड़ चुका था, जिससे पहचान करना मुश्किल हो रहा है। महिला के पैरों में काले रंग की पाजामी थी, जबकि आसपास फटे कपड़े और एक जोड़ी जूती भी मिली। एक पैर में पाजेब मिली, जबकि दूसरी गायब थी। पुलिस का मानना है कि शव दो से तीन दिन पुराना हो सकता है। प्रारंभिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि शव खुले में पड़े रहने के कारण जानवरों ने शरीर को नुकसान पहुंचाया हो। हालांकि पुलिस हत्या सहित सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और आसपास के थानों में गुमशुदगी रिकॉर्ड खंगाले जा रहे हैं। शव की स्थिति और घटनास्थल की परिस्थितियों को देखते हुए पुलिस हत्या की आशंका से भी इनकार नहीं कर रही।

### मंडी के बाहर झुग्गी में मिला व्यक्ति का शव, चूहों ने कुतरे पैर

**रोहतक।** शहर की नई अनाज मंडी के गेट नंबर-1 के सामने बनी झुग्गियों में बृहस्पतिवार को उस समय सनसनी फैल गई, जब एक अधेड़ व्यक्ति का शव उसकी झुग्गी के अंदर चारपाई पर पड़ा मिला। शव करीब दो दिन पुराना बताया जा रहा है। आसपास रहने वाले लोगों को पहले झुग्गी से तेज बदबू आने लगी, जिसके बाद उन्होंने अंदर जाकर देखा तो व्यक्ति मृत अवस्था में पड़ा मिला। सूचना मिलते ही नई अनाज मंडी चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। मृतक की पहचान करीब 54 वर्षीय अमन पुत्र गुरनाम निवासी पंडोरी जिला तरनतारण, पंजाब के रूप में हुई है। वह पिछले काफी समय से नई अनाज मंडी के सामने झुग्गी में रह रहा था और शहर में लगने वाले मेलों में छोटे-मोटे सामान बेचकर अपना गुजर-बसर करता था। स्थानीय लोगों के अनुसार अमन अकेला ही झुग्गी में रहता था, जबकि उसका परिवार पंजाब में रहता है। उसके एक बेटा और एक बेटी बताए जा रहे हैं।



झुग्गी के अंदर पड़ा शव।

### बदबू आने पर पता चला

अमन दो दिनों से बाहर नहीं दिखा था। सोमवार सुबह झुग्गी से बदबू आने पर लोगों ने अंदर जाकर देखा तो उसका शव चारपाई पर पड़ा मिला। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। शुरुआती जांच में हार्ट अटैक से मौत की आशंका जताई गई है। दो दिन तक शव झुग्गी में पड़े रहने के कारण चूहों ने मृतक के पैरों को कुतर दिया। पुलिस को मौके से मोबाइल, पर्स और दस्तावेज मिले, जिनसे मृतक की पहचान हुई। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।




## अंधविश्वास या कुछ और....भ्रमित न हों, चुनाव लड़े, पंचायती राज व्यवस्था मजबूत करें

# सुंदरपुर के कोई पंच बनने को तैयार नहीं, दो की हो चुकी मौत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक

**10 में से 8 पदों पर निर्विरोध चयन**

**खास खबर**

जिले में पंचायती राज संस्थाओं के रिक्त पड़े पदों को भरने के लिए राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के तहत नामांकन प्रक्रिया पिछले दिनों पूरी की गई। जिले में कुल 10 खाली पदों के लिए नामांकन आमंत्रित किए गए थे, जिनमें से 8 पदों पर आम सहमति बनने के कारण निर्विरोध चयन हुआ। कहीं भी अगर एक पद पर दो उम्मीदवार भी होते तो गत 10 मई को वोटिंग होती। लेकिन आम सहमति बनने के कारण मतदान नहीं हुआ। लेकिन दिलचस्प ये है कि दो पद ऐसे रहे, जिन पर एक भी नामांकन दाखिल नहीं हुआ। इनमें सुंदरपुर पंचायत का वार्ड नंबर-1 और ईस्माइला-9बी पंचायत का वार्ड नंबर-13 शामिल है।

### पंचायत में नामांकन नहीं भरे

ईस्माइला-9बी पंचायत में नामांकन नहीं भरे जाने के पीछे कोई स्पष्ट कारण सामने नहीं आया है, लेकिन सुंदरपुर पंचायत का मामला चर्चा का विषय बना हुआ है। गांव में वार्ड नंबर-1 को लेकर ऐसा भय फैल चुका है कि कोई भी व्यक्ति पंच पद के लिए आगे आने को तैयार नहीं है। ग्रामीणों के बीच यह धारणा बन गई है कि जो भी इस वार्ड से पंच चुना जाता है, उसकी मौत हो जाती है। दरअसल नवंबर 2021 में हुए पंचायती राज संस्थाओं के आम चुनाव में इस वार्ड से जो उम्मीदवार पंच चुना गया था, उसकी कुछ समय बाद मृत्यु हो गई। इसके बाद रिक्त पद को भरने के लिए दोबारा चुनाव कराया गया। ग्रामीणों के अनुसार दूसरी बार चुने गए पंच की भी कुछ समय बाद मौत हो गई। बताया जा रहा है कि दोनों की मौत प्राकृतिक थी। लगातार दो पंचों की मौत ने गांव में डर और अंधविश्वास का माहौल पैदा कर दिया। इसी भय के चलते अब गांव के लोग वार्ड नंबर-1 से चुनाव लड़ने से बच रहे हैं। हालात ऐसे हैं कि इस बार नामांकन की अंतिम तिथि तक एक भी व्यक्ति ने पर्चा दाखिल नहीं किया।

### गांव में इस विषय को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं

गांव में इस विषय को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं चल रही हैं। कुछ लोग इसे महज संयोग मान रहे हैं, जबकि कई ग्रामीण इसे अपशकुन से जोड़कर देख रहे हैं। अंधविश्वास में विश्वास न करने वाले लोगों का कहना है कि किसी पद से जुड़े ऐसे संयोगों को अंधविश्वास का रूप देना उचित नहीं है। प्रशासनिक अधिकारियों का भी मानना है कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में लोगों को भय से ऊपर उठकर भागीदारी निभानी चाहिए। गौरतलब है कि पंचायती राज संस्थाओं में खाली पड़े पदों को भरने के लिए हर छह महीने बाद चुनाव प्रक्रिया कराई जाती है। लेकिन सुंदरपुर का यह वार्ड अब चुनाव से ज्यादा भय और भ्रांति की वजह से चर्चा में बना हुआ है।

### मृत्यु जीवन का अटल सत्य अंधविश्वास का रूप देना ठीक नहीं



मृत्यु जीवन का एक अटल सत्य है और यह हर व्यक्ति के साथ कभी न कभी घटित होने वाली प्राकृतिक प्रक्रिया है। ऐसे में किसी दुर्योग को अंधविश्वास का रूप देना उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि सुंदरपुर गांव के लोगों को यह भ्रांति नहीं पालनी चाहिए कि पंच चुने जाने से किसी की मृत्यु हो जाएगी। लोकतांत्रिक व्यवस्था में लोगों को भय और अंधविश्वास से ऊपर उठकर सामाजिक जिम्मेदारी निभानी चाहिए। समाज में जागरूकता और वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देना समय की जरूरत है।

**-कृष्ण वत्स, हरियाणा ज्ञान विज्ञान समिति के राज्य सचिव**

# सीबीएसई 12वीं परीक्षा परिणाम में छाए शिक्षा भारती के विद्यार्थी

## विज्ञान संकाय में 91.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर चरिता ने हासिल किया प्रथम स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षण संस्थान व हिंदू शिक्षा समिति के तत्वाधान में संचालित शिक्षा भारती विद्यालय, गोहाना रोड रोहतक के छात्रों ने 12वीं परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्कूल का गौरव बढ़ाया। विज्ञान संकाय से चरिता ने 91.8% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं आदित्य ने 85.4% अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान तथा सांनवी चावला ने 83.8% अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। कला संकाय में आदित्य ने 93% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। अदिति ने 92.2% अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान तथा निकुंज ने 90.6% अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। वाणिज्य संकाय में लावण्या ने 93.6% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। यश ने 85.4% अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान तथा निशांत ने 82.8% अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया। विद्यालय प्रबंधन एवं प्रधानाचार्य ने सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों तथा अध्यापकों को इस शानदार सफलता के लिए बधाई दी तथा विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंध समिति के माननीय अध्यक्ष डा. आदित्य बत्रा, उपाध्यक्ष उद्योगपति करन विग, प्रबंधक राम चरण सिंगला, कोषाध्यक्ष एस.के. गुप्ता, कार्यकारिणी सदस्या बीना कौशिक एवं डा. दिनेश मदान एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य जितेंद्र कुमार ने उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम के लिए सभी छात्रों के साथ-साथ अध्यापकों को भी शुभकामनाएं प्रेषित कीं तथा छात्रों के उज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर विद्यालय का पूरा स्टाफ उपस्थित रहा।





### न्यू हरियाणा स्कूल में 97.2% अंक प्राप्त कर कीर्ति ने किया विद्यालय टॉप




■ विशाल ने 96.3% अंक पाकर द्वितीय व रक्षित ने 92% अंक हासिल कर पाया तृतीय स्थान

रोहतक। न्यू हरियाणा सीनियर सेकेंडरी स्कूल का हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की 10वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम अत्यंत शानदार, गौरवपूर्ण एवं प्रेरणादायक रहा। विद्यालय के विद्यार्थियों ने अपनी मेहनत, लगन और अनुशासन के बल पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय, अभिभावकों तथा पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया। परिणाम घोषित होते ही विद्यालय परिसर में खुशी और उत्साह का माहौल देखने को मिला। विद्यालय की होनहार एवं प्रतिभाशाली छात्रा कीर्ति ने 97.2% अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं मेधावी छात्र विशाल ने 96.3% अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान तथा छात्र रक्षित ने 92% अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इन विद्यार्थियों की शानदार उपलब्धि ने विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता को एक नई पहचान दिलाई है। विद्यालय के अन्य विद्यार्थियों ने भी उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर विद्यालय के परिणाम को और अधिक गौरवपूर्ण बनाया। विद्यालय के प्राचार्य जे.एस. बूरा ने विद्यार्थियों की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि निरंतर मेहनत, आत्मविश्वास और शिक्षकों के उचित मार्गदर्शन से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि विद्यालय सदैव विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रयासरत रहता है और यही मेहनत आज शानदार परिणाम के रूप में सामने आई है। उन्होंने विद्यालय के समस्त शिक्षकगण की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षकों की मेहनत और विद्यार्थियों के प्रति समर्पण का ही परिणाम है कि विद्यालय लगातार उत्कृष्ट परिणाम दे रहा है। विद्यालय प्रबंधन ने आशा व्यक्त की कि आने वाले वर्षों में भी विद्यार्थी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन करते रहेंगे।

### एसबी मॉडल स्कूल के विद्यार्थियों ने सीबीएसई 12वीं के परीक्षा में गाड़े सफलता के झंडे

रोहतक। विद्यालय शैक्षणिक गतिविधियों और उपलब्धियों का केंद्र होते हैं, जहाँ का परीक्षा परिणाम ही उसकी गुणवत्ता और स्तर को परिभाषित करता है। लंबे समय से अपने परीक्षा परिणामों का इंतजार कर रहे लाखों विद्यार्थियों का इंतजार कल उस समय खत्म हुआ जब सीबीएसई ने कक्षा बारहवीं के परिणाम घोषित किए। इन परिणामों में एसबी मॉडल स्कूल के विद्यार्थियों ने अपने शानदार प्रदर्शन से सफलता का नया कीर्तिमान स्थापित किया है। विद्यालय के कुल 52 विद्यार्थियों ने इस वर्ष परीक्षा दी थी, जिनमें से 20 विद्यार्थियों ने 80% से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय का मान बढ़ाया है। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि ने साबित कर दिया है कि कड़ी मेहनत और सही मार्गदर्शन से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। परीक्षा परिणामों में अंकिता और निशांत ने 95% अंकों के साथ विद्यालय में शीर्ष स्थान प्राप्त किया। इनके साथ ही अन्य विद्यार्थियों का प्रदर्शन भी सराहनीय रहा। कार्तिक मित्तल 93%, आन्या 92% श्रेया, वंशिका नांदलः 91% और अन्य मेधावीः तमन्ना, स्नेहा, तुषार, राहुल, रवीश, पंकज, चंचल, आर्यन बंसल, चारवी, भव्य, माही और गौरी ने 85% से अधिक अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। विद्यार्थियों की इस अपार सफलता पर विद्यालय की प्राचार्या कृष्णा रोहिल्ला ने खुशी जाहिर की। उन्होंने इस उपलब्धि का श्रेय विद्यार्थियों के कठिन परिश्रम, अध्यापकों के कुशल मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग को दिया। उन्होंने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और कहा कि ये परिणाम विद्यार्थियों के सपनों को एक नई उड़ान देंगे।



### टैगोर स्कूल के विद्यार्थियों ने लहराया सफलता का परचम

रोहतक। पटेल नगर स्थित टैगोर सीनियर सकैण्डरी स्कूल के विद्यार्थियों ने हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की सकैण्डरी परीक्षा मार्च 2026 में गत वर्षो की भांति रोहतक जिले में सफलता का परचम लहराया। स्कूल निदेशक सुनील भ्याणा ने बताया कि स्कूल का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा और 20 विद्यार्थियों ने मैरिट एवं छात्रवृति प्राप्त की। इस परीक्षा में ज्योति ने 90 प्रतिशत अंक, निधि, रौनक तथा महक ने 85 प्रतिशत, सुष्मिता और नन्दिनी ने 84 प्रतिशत, नन्दिनी, करिशमा और शिवानी ने 82 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उन्होंने अध्यापकों, अभिभावकों तथा विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई दी ।



### 12वीं के परिणाम में छाए आईपीएस स्कूल के विद्यार्थी

रोहतक।आई.पी.एस. स्कूल के विद्यार्थियों ने सीबीएसई की परीक्षा में रोहतक जिले में सफलता का परचम लहराया। स्कूल प्रिंसीपल पूनम भ्याणा ने बताया कि स्कूल का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा। इस परीक्षा में 5 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक तथा 31 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। साईंस ग्रुप में शिवम ने 93 प्रतिशत, प्रतिज्ञा व नियती ने 83 प्रतिशत तथा प्रणव ने 82 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। कामर्स ग्रुप में भूमिका ने 93 प्रतिशत, जन्नत ने 92 प्रतिशत , सोनाली ने 91 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। आर्टस ग्रूप में तान्या ने 94 प्रतिशत, दिशा ने 89 प्रतिशत तथा शुभम ने 85 प्रतिशत अंक प्राप्त किए।



### ग्रीनलैंड स्कूल का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत

रोहतक। सीबीएसई की 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणामों में ग्रीनलैंड पब्लिक स्कूल, दतौड़ ने अपनी सफलता का परचम लहराते हुए 100% परिणाम हासिल किया है। इस वर्ष विद्यालय के सभी 55 विद्यार्थी परीक्षा में सफल रहे, जिससे स्कूल और क्षेत्र में खुशी की लहर है। परिणामों में छात्राओं ने विशेष रूप से बाजी मारी। ह्यूमेनिटीज स्ट्रीम में भावना (दतौड़) ने 93.2% अंकों के साथ स्कूल में प्रथम और प्रतिष्ठा (पाकस्मा) ने 92.2% अंकों के साथ दूसरा स्थान हासिल किया। साइंस स्ट्रीम में गरिमा (दतौड़) और रितिका (सांपला) 91% अंकों के साथ संयुक्त रूप से प्रथम रहीं, जबकि इशिता जून (बहादुरगढ़) 90% अंक लेकर दूसरे स्थान पर रहीं।



### जैन स्कूल का 12वीं का परीक्षा परिणाम रहा शानदार

रोहतक। जैन सभा रोहतक द्वारा संचालित जैन पब्लिक स्कूल (माता दरवाजा, जींद रोड) ने इस वर्ष की 12वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा में अपनी सफलता का परचम लहराया है। विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत (100%) रहा, जिससे स्कूल व क्षेत्र में खुशी की लहर है। विद्यालय के विद्यार्थियों ने विभिन्न संकायों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर संस्थान का नाम गौरवान्वित किया है। टॉपर्स की सूची इस प्रकार है। प्रभव सिंगला ने 96% अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। शुभम ने 93% अंकों के साथ अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। धीरज, लक्ष्य व स्नेहा तीनों विद्यार्थियों ने 90% अंक प्राप्त कर विद्यालय का मान बढ़ाया।




### बाबा बंदा बहादुर पब्लिक स्कूल में स्पर्श रहा अव्वल

रोहतक। बाबा बंदा बहादुर पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने कक्षा 12 वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम (2025-26) में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। वाणिज्य, विज्ञान एवं कला- तीनों संकायों के विद्याबि ने शानदार सफलता प्राप्त की। कॉमर्स संकाय में स्पर्श ने 93.6% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। भव्या ने 92.6% अंक लेकर द्वितीय तथा वंशिका कौशिक ने 87.4% अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। विज्ञान संकाय में गंधर्व ने 87.2% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। दीपांशु ने 86% अंक लेकर द्वितीय तथा जय चावला ने 80.8% अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। कला संकाय में वंशिका ने 92.2% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया।

### माता धनपति देवी ट्रस्ट के 12 छात्रों ने मेरिट में पाया स्थान

रोहतक। माता धनपति देवी चैरिटेबल ट्रस्ट में नियमित पढ़ाई कर रहे कक्षा 12 वीं 10वीं के छात्र-छात्राओं का परीक्षा परिणाम बहुत ही शानदार रहा। बोर्ड की वेबसाइट पर अपना परिणाम देखने के बाद उछलने व खुशी के कारण झूमने लगे। कक्षा 12वीं में 17 में से 12 छात्राओं ने ओपन मेरिट प्राप्त की। विज्ञान संकाय में स्कूल का रहा 94.4% अंक प्राप्त किए व कला संकाय में कक्षा 95% अंक प्राप्त किए तथा 23 छात्राओं में से 22 छात्राओं ने ओपन मेरिट प्राप्त की। 9 छात्राओं ने 90% से अधिक अंक व 10 ने 80 से 90% अंक प्राप्त किए। ट्रस्ट के सभी पदाधिकारी व स्वयं स्कूल व्यवस्था की ओर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। ट्रस्ट के सभी अध्यापकों ने बच्चों को बहुत ही अच्छे से पढ़ाया।



### ग्रीन फील्ड पब्लिक स्कूल ने गाड़े झंडे, वंशिका ने स्कूल में किया टॉप

रोहतक। सीबीएसई द्वारा घोषित कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणाम (सत्र 2025-26) में कारोर स्थित ग्रीन फील्ड पब्लिक स्कूल का प्रदर्शन बेहद शानदार रहा। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न संकायों में उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर शिक्षण संस्थान का नाम रोशन किया है। परीक्षा परिणाम में विशेष रूप से छात्राओं का दबदबा देखने को मिला। कॉमर्स विभाग में वंशिका ने 94.2% अंकों के साथ स्कूल में टॉप किया। वहीं, भूमिका ने 92.6% अंक लेकर दूसरा और चाहत ने 83% अंकों के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया। विज्ञान संकाय में चेतन ने 91.6% अंकों के साथ प्रथम स्थान हासिल किया।



### खरैंटी के सरकारी स्कूल का परीक्षा परिणाम रहा शानदार

रोहतक। राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खरैन्टी की छात्राओं ने 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। छात्राओं की इस सफलता से विद्यालय परिसर में खुशी का माहौल बना हुआ है। शिक्षकों, अभिभावकों और ग्रामीणों ने छात्राओं की उपलब्धि पर गर्व व्यक्त किया। विद्यालय की प्राचार्या अंजू अरोड़ा ने बताया कि 12वीं कक्षा की कुल 27 छात्राओं में से 11 छात्राओं ने मेरिट सूची में स्थान हासिल किया है। विज्ञान संकाय की छात्रा वर्षा ने 96.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर न केवल विद्यालय में बल्कि पूरे लाखन माजरा ब्लॉक में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

### शीतल स्पोर्ट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल किलोई के 10 विद्यार्थियों ने 90% से अधिक अंक प्राप्त किए

रोहतक। शीतल स्पोर्ट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल किलोई ने इस वर्ष कक्षा 12वीं के सीबीएसई बोर्ड परीक्षा परिणामों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए गौरवपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। विद्यालय के विद्यार्थियों ने शानदार मेहनत और अनुशासन का परिचय देते हुए उच्च प्रतिशत प्राप्त किए। इस वर्ष विद्यालय के 10 विद्यार्थियों ने 90% से अधिक अंक प्राप्त किए, जबकि 12 विद्यार्थियों ने 80% से अधिक अंक हासिल कर स्कूल का नाम रोशन किया। प्राची ने इतिहास विषय में 100 में से 100 अंक प्राप्त कर असाधारण सफलता अर्जित की।



### सैनी पब्लिक स्कूल रोहतक के सभी बच्चे फर्स्ट डिवीजन में हुए उत्तीर्ण

रोहतक। सैनी एजुकेशन सोसाइटी (रजि.) रोहतक द्वारा संचालित सैनी शिक्षण संस्थाओं ने रच दिया इतिहास। 2026 में आयोजित एचबीएससी दसवीं का परीक्षा परिणाम रहा शत-प्रतिशत। सैनी बॉयज सीनियर सेकेंडरी स्कूल रोहतक के 18 छात्रों ने और सैनी गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल की 20 छात्राओं ने मेरिट प्राप्त की। सैनी पब्लिक स्कूल रोहतक के सभी बच्चे फर्स्ट डिवीजन में पास हुए तथा 32 में से 24 ने मेरिट प्राप्त की। सभी विद्यार्थी, शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक स्टाफ तथा शिक्षण संस्थाओं के प्रिंसिपल्स बधाई के पात्र हैं। बहुत-बहुत बधाई एवं हार्दिक शुभकामनाएं।





### द आर्यन ग्लोबल स्कूल ने गाड़े सफलता के झंडे, पावनी अव्वल

रोहतक। सीबीएसई द्वारा घोषित कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणाम (सत्र 2025-26) में द आर्यन ग्लोबल स्कूल के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। परीक्षा परिणाम घोषित होते ही विद्यालय परिसर में खुशी की लहर दौड़ गई। विद्यालय की मेधावी छात्रा पावनी ने 95.4% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। इसके साथ ही इशिता और आर्नव दोनों ने 94.6% अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इशा ने 94.4%, गरिमा ने 92.8%, साक्षी ने 92.6% तथा ज्योति ने 91.6% अंक हासिल कर अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता का परिचय दिया। अन्य विद्यार्थियों ने भी शानदार प्रदर्शन कर स्कूल का मान बढ़ाया।



### हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड परीक्षा में पुलकित ने 97% अंक किए प्राप्त

रोहतक। 10 वीं कक्षा के परिणाम में जिले के विद्यार्थियों ने तहाम लगाया है। विद्यार्थियों ने 97% तक अंक प्राप्त किए हैं। हिमालयन हाई स्कूल की मुख्याध्यापिका संतरा दहिया ने बताया कि हमारे विद्यालय के सभी विद्यार्थी पास हुए हैं। उन्होंने बच्चों को मिठाई खिलाई और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी विद्यालय के मेधावी छात्रों ने अपनी प्रतिभा का प्रमाण देते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया है। इस अवसर पर अन्य सभी अध्यापक गण और अभिभावक गण भी मौजूद रहे। उच्चतम अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी पुलकित 97%. शौर्य 96.6% अश्मि 96% राकेश खुशी ने 95% अंक प्राप्त किए।



### मॉडल स्कूल के विद्यार्थियों ने किया संसद भवन का भ्रमण

रोहतक। आंबेडकर चौक स्थित मॉडल स्कूल के कक्षा 11वीं और 12वीं के विद्यार्थियों को संसद भवन के शैक्षणिक भ्रमण पर ले जाया गया। संसद भवन पहुंचकर विद्यार्थियों ने पुराने संसद भवन की ऐतिहासिकता को जाना तथा उसके साथ जुड़े हुए विभिन्न ऐतिहासिक पक्षों को समझ कर अपने सामान्य ज्ञान में वृद्धि की तो वहीं नवनिर्मित संसद भवन का भ्रमण भी किया। दोनों संसद भवनों के लोकसभा और राज्यसभा कक्षों का भ्रमण करने के साथ-साथ संसद की कार्यप्रणाली को भी समझा तथा विभिन्न प्रश्नों के माध्यम से अपनी जिज्ञासा को शांत किया। शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन प्रधानाचार्या डॉ. अरुणा तनेजा की अगुआई में हुआ।



### पठानिया स्कूल में हुई बच्चों के लिए मूवी टाइम गतिविधि

रोहतक। पठानिया पब्लिक स्कूल में नर्सरी से सीनियर केजी तक के नन्हे विद्यार्थियों के लिए विशेष "मूवी टाइम गतिविधि" का आयोजन किया गय। इस दौरान बच्चों को आयु के अनुसार चुनी गई मनोरंजक एवं शैक्षणिक लघु फिल्में दिखाई गईं। इन फिल्मों में रंग-बिरंगी कहानियाँ, जीवंत किरदार और प्रेरणादायक संदेश शामिल थे। बच्चों ने फिल्मों को बड़ी रुचि और उत्साह के साथ देखा। स्क्रीन पर आने वाले हर दृश्य पर बच्चों की हँसी, तालियाँ और जिज्ञासा देखने लायक थी। निदेशक अंशुल पठानिया ने बताया कि ऐसी गतिविधियों से बच्चों का स्कूल के प्रति लगाव बढ़ता है और उत्सव की तरह लेते हैं।



### वैश्य कन्या विद्यालय की 50 छात्राओं ने पाया मेरिट में स्थान

रोहतक। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा घोषित कक्षा दसवीं के वार्षिक परीक्षा परिणाम में वैश्य कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। विद्यालय की 70 छात्राओं में से 50 छात्राओं ने मेरिट सूची में स्थान प्राप्त किया तथा सभी छात्राएं प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुईं। विद्यालय में वनिता / पंकज ने 490 अंकों के साथ प्रथम स्थान, पायल / प्रवीण ने 485 अंकों के साथ द्वितीय स्थान तथा हिना/सोनू ने 484 अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। यह सफलता विद्यालय की उत्कृष्ट शैक्षणिक परंपरा, संस्कारयुक्त शिक्षा एवं निरंतर परिश्रम का प्रतिफल है।

**सफलता** सीबीएसई 12वीं परीक्षा परिणाम में नैंसी, जानवी और निशांत में पाए 99 फीसदी अंक

# वैश्य पब्लिक स्कूल के 14 विद्यार्थियों ने प्राप्त किए 96 प्रतिशत से अधिक अंक, दृष्टि ने पाया प्रथम स्थान

वाणिज्य संकाय में तनिष्क बंसल ने 95.2 व विज्ञान संकाय में खुशी ने हासिल किए 89.4 प्रतिशत अंक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

■ भूगोल शास्त्र में पूर्णिमा ने प्राप्त किए 98% अंक

कक्षा बारहवीं का परीक्षा परिणाम में वैश्य पब्लिक स्कूल, रोहतक के विद्यार्थियों ने शानदार सफलता हासिल की। वाणिज्य तथा कला संकायों के 14 विद्यार्थियों ने 96% से अधिक अंक हासिल करके विद्यालय का नाम रोशन किया। कला संकाय में दृष्टि 93.8% अंक, वाणिज्य संकाय मे तनिष्क बंसल 95.2% अंक तथा विज्ञान संकाय में खुशी गोयल ने 89.4% अंक प्राप्त करके अध्यापकों तथा अपने माता-पिता को गौरवान्वित करते हुए विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। संगीत विषय में नैंसी, जानवी गर्ग और निशांत ने 99% प्राप्त किए। इसी प्रकार तनिष्क बंसल ने व्यवसाय अध्ययन में 99%, लेखांकन में नमन, पूर्णिमा ने 98%, भूगोल शास्त्र में पूर्णिमा ने 98% और गणित में देवेन गोयल ने 98% अंक के साथ सफलता हासिल की। फिजिकल एजुकेशन में रिंकू, जैस्मीन, खुशी गोयल ने 94 %, मनोविज्ञान में कशिश 94 %, राजनीति शास्त्र में कशिश मेहरा 92%, रसायन शास्त्र में जस्मीत ने 91%, बायो में खुशी गोयल ने 93% तथा अंग्रेजी विषय में जस्मीत ने 97% अंक प्राप्त करके उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस अवसर पर विकास गोयल जी (प्रधान), पवन मित्तल (कोषाध्यक्ष), अनिल बिंदल जी (उप-प्रधान), राधेश्याम गर्ग (महासचिव), अनिल बंसल (सह -सचिव ), राहुल जैन और आकाश गुप्ता वैश्य एजुकेशन सोसायटी के पदाधिकारियों ने विद्यार्थियों की इस शानदार सफलता पर उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



रोहतक। विद्यार्थियों को बधाई देते प्राचार्या सुषमा सुहाग। फोटो : हरिभूमि

## नवयुग हाई स्कूल के छात्र कपिल ने विद्यालय में हासिल किया पहला स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

हरियाणा बोर्ड कक्षा दसवीं के परीक्षा परिणाम में नेहरू कॉलोनी स्थित नवयुग हाई स्कूल का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपने माता-पिता एवं विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। विद्यालय के छात्र कपिल कुमार ने 97.4% (487 अंक) प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। गुलशन पुत्र श्री सोनू दलाल ने 96% (480 अंक) के साथ द्वितीय तथा ख्वांशु पुत्र श्री पवन कुमार ने 95% (475 अंक) प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। अन्य मेधावी विद्यार्थियों में रिया एवं साधना ने 94%, भावना ने 93.8%, केशव ने 92.4% तथा गगन एवं वंश ने 90.8% अंक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। विद्यालय के 10 विद्यार्थियों ने 90% से अधिक, 28 विद्यार्थियों ने 80% से अधिक तथा 38 विद्यार्थियों ने 75% से अधिक अंक प्राप्त किए। विद्यालय में विद्यार्थियों का मिठाई एवं फूलों से स्वागत किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक ऋषिराज निनानियां ने बधाई देते हुए कहा कि बच्चों की मेहनत, अभिभावकों के सहयोग एवं अध्यापकों के समर्पण का ही यह उत्कृष्ट परिणाम है।



### विद्याश्री स्कूल के विद्यार्थियों का परिणाम सराहनीय





रोहतक। कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणामों में विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। विद्याश्री स्कूल के लगभग 20 प्रतिशत विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर सफलता का परचम लहराया। वहीं लगभग 50 प्रतिशत विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित किए तथा 30 प्रतिशत विद्यार्थियों ने 65 प्रतिशत से 80 प्रतिशत के मध्य अंक प्राप्त कर उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। प्राचार्या रिशु सिवाच एवं चेयरपर्सन डॉ. विकास सिवाच ने छात्रों के उज्ज्वल एवं सफल भविष्य की कामना की। उन्होंने विद्यालय के समस्त शिक्षकों के समर्पण, अनुशासन एवं अथक प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि विद्यार्थियों की यह सफलता शिक्षकों, अभिभावकों एवं विद्यालय परिवार के सामूहिक सहयोग का परिणाम है।

## इतिहास रचने की दहलीज पर: मलेशिया की राजधानी कुआलालंपुर में 19 जुलाई को होगा मुकाबला

# एशिया चैंपियनशिप टाइटल के लिए पाक फाइटर आबिद अली से भिड़ेंगे संग्राम सिंह

■ इस फाइट से 'एशिया चैंपियन टाइटल' के लिए लड़ने वाले पहले भारतीय फाइटर बनेंगे संग्राम सिंह

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

संग्राम सिंह इतिहास रचने की दहलीज पर हैं। संग्राम सिंह अपनी चौथी एमएमए फाइट के लिए पूरी तरह तैयार हैं, जहाँ उनका मुकाबला पाकिस्तान के अनुभवी फाइटर आबिद अली से होगा। यह मुकाबला 19 जुलाई को मलेशिया की राजधानी कुआलालंपुर में आयोजित किया जाएगा। इस फाइट की सबसे खास बात यह है कि संग्राम सिंह 'एशिया चैंपियन टाइटल' के लिए लड़ने वाले पहले भारतीय फाइटर बनेंगे।

मलेशिया स्ट्राइक एमएमए चैंपियनशिप के आयोजक, मुहम्मद लुकमन हाकिम बिन अब्दुल्लाह ने संग्राम सिंह और उनके कोच भूपेश कुमार को इस प्रतिष्ठित टाइटल फाइट के लिए औपचारिक निमंत्रण भेजा है। आयोजकों का मानना है कि संग्राम सिंह की भागीदारी न केवल खेल के लिए बल्कि उनके देश के लिए भी गौरव की बात होगी। संग्राम ने इस चुनौती को स्वीकार कर लिया है और वह कुआलालंपुर में तिरंगा फहराने के इरादे से रिंग में उतरेंगे।



रोहतक। संग्राम सिंह और आबिद अली — फोटो : हरिभूमि

### कुश्ती के अखाड़े से एमएमए के पिंजरे तक का सफर

कॉमनवेल्थ हैवीवेट चैंपियन रहे संग्राम सिंह का सफर प्रेरणादायक रहा है। ग्रीको-रोमन कुश्ती के अंतरराष्ट्रीय पहलवान से लेकर प्रोफेशनल रेसलिंग, एक्टिंग और मोटिवेशनल स्पीकिंग के बाद अब वह एमएमए की दुनिया में भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। फिट इंडिया आइकन के रूप में वह युवाओं को फिटनेस के प्रति जागरूक कर रहे हैं और अब एशिया चैंपियनशिप के जरिए खेल जगत में एक नया मील का पत्थर स्थापित करने की तैयारी में हैं।

### पाकिस्तान बनाम भारत रोमांच की नई जंग

संग्राम सिंह के लिए पाकिस्तानी फाइटर के खिलाफ लड़ना कोई नई बात नहीं है, लेकिन इसका रोमांच हमेशा चरम पर रहता है। उन्होंने अपने एमएमए करियर की शुरुआत जॉर्जिया में पाकिस्तान के ही अली रजा नसीर को हराकर की थी। संग्राम ने स्वीकार किया कि भारत-पाकिस्तान के बीच किसी भी खेल का मुकाबला प्रशंसकों के लिए बेहद भावनात्मक होता है। उन्होंने कहा दोनों देशों के खेल प्रेमी हार बर्दाश्त नहीं करते, इसलिए थोड़ा मानसिक दबाव जरूर है, लेकिन मैं इस चुनौती को लेकर उत्साहित हूँ।

### उम्र को मात देकर जीत का सिलसिला बरकरार

42 साल की उम्र में भी संग्राम सिंह अपने से 15-16 साल छोटे फाइटर्स को धूल चटा रहे हैं। हाल ही में उन्होंने अर्जेंटीना के ब्यूनस आयर्स में फ्लोरियन काउडियर को मात्र 1 मिनट 45 सेकंड में हराकर सनसनी मचा दी थी। वह अर्जेंटीना की धरती पर एमएमए फाइट जीतने वाले पहले भारतीय बने थे। इससे पहले नीदरलैंड में भी उन्होंने ट्यूनीशियाई फाइटर को दूसरे राउंड तक टिकने नहीं दिया था। अब वह 83 से 89 किलो वजन वर्ग में अपनी ताकत का लोहा मनवाएंगे।

### सीनियर रैंकिंग टूर्नामेंट में महिला पहलवानों ने जीते आठ पदक





रोहतक। उत्तर प्रदेश के गोंडा में 12 मई को आयोजित सीनियर रैंकिंग टूर्नामेंट में रोहतक के छोटूराम स्टेडियम की महिला पहलवानों ने शानदार प्रदर्शन करके एक बार फिर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। खिलाड़ियों ने कुल 8 पदक अपने नाम किए, जिनमें एक स्वर्ण, तीन रजत और चार कांस्य पदक शामिल हैं। टूर्नामेंट में अंशु मलिक ने 68 किग्रा भार वर्ग में बेहतरीन तकनीक का प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता। वहीं, हिमांशी दहिया 53 किग्रा, अंजलि कुंडू 62 किग्रा और रिया कौशिक 72 किग्रा ने कड़ी टक्कर देते हुए रजत पदक हासिल किए। पूजा गहलोत (59 किग्रा), सारिका मलिक 62 किग्रा, कोमल दलाल 68 किग्रा और मेघना अहलावत 76 किग्रा ने कांस्य पदक जीतकर क्षेत्र का नाम रोशन किया। खिलाड़ियों की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर खुशी जाहिर करते हुए कोच मनदीप ने कहा इन बेटियों ने अपनी मेहनत और अनुशासन से यह मुकाम हासिल किया है। सीनियर रैंकिंग जैसे बड़े मंच पर 8 पदक जीतना स्टेडियम के लिए गौरव की बात है। अंशु मलिक ने जहां अपनी बादशाहत कायम रखी, वहीं अन्य युवा पहलवानों ने भी जबरदस्त जुझारूपन दिखाया।

### एशियन बॉक्सिंग चैंपियनशिप में भूमिका ने जीता गोल्ड, परिवार में जश्न का माहौल



महम। उज्बेकिस्तान के ताशकंद में 1 से 16 मई तक अंडर-15 एशियन बॉक्सिंग चैंपियनशिप आयोजित की गई है। इस चैंपियनशिप में भारत की युवा मुक्केबाज भूमिका ढाका ने इतिहास रचते हुए स्वर्ण पदक जीतकर देश, हरियाणा और महम क्षेत्र का नाम रोशन किया है। फाइनल मुकाबले में भूमिका ढाका ने कजाकिस्तान की मुक्केबाज को शानदार प्रदर्शन करते हुए 5-0 से पराजित कर गोल्ड मेडल देश के नाम किया। उनकी इस ऐतिहासिक जीत के बाद पूरे महम, रोहतक और हरियाणा प्रदेश में खुशी की लहर दौड़ गई है। भूमिका की सफलता के पीछे उनके बड़े भाई एवं प्रेरणास्रोत अरमान ढाका का विशेष योगदान रहा है, जो स्वयं भी मुक्केबाज रह चुके हैं। उनकी मेहनत, मार्गदर्शन और प्रेरणा ने भूमिका को इस मुकाम तक पहुँचाने में अहम भूमिका निभाई।



## आरपीएस स्कूल : स्वाति ने 99.6, ईप्शा ने 99.2, अक्षिता ने 99 व वनिशा ने 98.8 प्रतिशत अंक हासिल कर रचा इतिहास

**12वीं के 153 विद्यार्थियों ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए**

महेंद्रगढ़। सीबीएसई बोर्ड द्वारा 12वीं कक्षा के घोषित नतीजों में आरपीएस संस्था की विद्यार्थी स्वाति सिंह ने 99.6 प्रतिशत, ईप्शा डागा ने 99.2, अक्षिता धिमान ने 99 , वनिश जैन ने 98.8 , तन्नु ने 98.6 , उमंग यादव ने 98.6 , विशाल ने 98.4 , अंकिता ने 98.4, भाविका सिंह, मीनाक्षी भाटी, हिमाक्षी व वान्या यादव ने 98.4 , निकिता यादव ने 98.2 , वृति ने 98 फीसदी अंक हासिल कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया। आरपीएस के 458 विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों में 100 में से 100 अंक हासिल किए। सीईओ इंजि. मनीष राव ने कहा कि गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी आरपीएस संस्था ने सांईस मेडिकल एवं नॉन मेडिकल कॉमर्स व ह्यूमेनिटिज में अपनी परंपरा का परिणाम दिया है। आरपीएस की स्वाति सिंह ने 99.6 प्रतिशत, ईप्सा डागा ने 99.2 , अक्षिता धिमान ने 99 , वनिषा जैन ने 98.8 , तन्नु ने 98.6 , उमंग यादव ने 98.6 , विशाल ने 98.4 , अंकिता ने 98.4 , भाविका सिंह, मिनाक्षी भाटी, हिमाक्षी व वान्या यादव ने 98.4 , निकिता यादव ने 98.2 , वृति ने 98 , नमन, गरिमा, रितिका, वंशिका व चिराग ने 97.8 , धारवी यादव, अर्पित व सानवी शर्मा ने 97.6 , वंशिका सोनी, बलकेश, समृधि सारा व साईस्मृति साहू ने 97.4 , निहारिका यादव, ईशिका, साहिल, वेदांशि, तनिश कुमार, भव्या सतिजा व निर्मल ने 97.2 प्रतिशत अंक हासिल किए।

### सेक्टर-3 में बनेगी स्मार्ट मार्केट, पार्किंग से लेकर ईवी चार्जिंग तक होंगी सुविधाएं

रोहतक। सेक्टर-3 में अब आधुनिक सुविधाओं से लैस स्मार्ट मार्केट विकसित करने की तैयारी शुरू हो गई है। प्रस्तावित मार्केट को लेकर उपायुक्त सचिन गुप्ता की अध्यक्षता में कैंप कार्यालय में नगर निगम अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई, जिसमें मार्केट की रूपरेखा और सुविधाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। उपायुक्त ने कहा कि इस मार्केट को वर्तमान शहरी जरूरतों के अनुरूप सुव्यवस्थित और योजनाबद्ध तरीके से विकसित किया जाएगा। इसका मुख्य उद्देश्य नागरिकों को बेहतर और सुविधाजनक बाजार उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि दुकानों और व्यावसायिक गतिविधियों के लिए स्थान का उचित उपयोग सुनिश्चित किया जाएगा, ताकि बाजार व्यवस्थित तरीके से संचालित हो सके। योजना के तहत मार्केट में पर्याप्त पार्किंग व्यवस्था भी विकसित की जाएगी, जिससे वाहनों की आवाजाही सुचारू बनी रहे और सड़कों पर जाम की स्थिति न बने। इसके अलावा हरित क्षेत्र विकसित कर पर्यावरण संरक्षण के साथ नागरिकों को स्वच्छ और बेहतर वातावरण उपलब्ध कराया जाएगा। लोगों के बैठने के लिए सिटिंग एरिया भी बनाया जाएगा। आधुनिक जरूरतों को देखते हुए इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए चार्जिंग प्वाइंट स्थापित करने का प्रस्ताव भी रखा गया है।

### अजा के लिए मत्स्य पालन में अनुदान और सुविधाओं की सौगात: डीसी

रोहतक। अनुसूचित जाति के व्यक्तियों के आर्थिक सशक्तिकरण और रोजगार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मत्स्य पालन क्षेत्र में कई प्रकार की अनुदान योजनाएं संचालित की जा रही हैं। उपायुक्त सचिन गुप्ता ने संबंधित पात्र व्यक्तियों से इन योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाने की अपील की है। डीसी ने बताया कि मछली पालन के लिए प्रथम वर्ष में पट्टा राशि पर विभाग द्वारा प्रत्येक लाभार्थी को 50 हजार रुपये प्रति हेक्टेयर अथवा वास्तविक पट्टा राशि का 50 प्रतिशत, जो भी कम हो, अनुदान के रूप में दिया जाएगा। यह सुविधा केवल पंचायती तालाबों और सरकारी जलाशयों पर लागू होगी।

### प्रदेश में भ्रष्टाचार चरम पर: भूपेंद्र सिंह हुड्डा

रोहतक। हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने बीजेपी सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि प्रदेश में भ्रष्टाचार चरम पर पहुंच चुका है और आए दिन नए घोटाले सामने आ रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि खुद बीजेपी के सांसद और विधायक दिशा कमेटी की बैठकों में स्वीकार कर चुके हैं कि कांग्रेस सरकार के समय बनी सड़कें आज भी मजबूत हैं, जबकि बीजेपी सरकार में बनी सड़कें कुछ दिनों में ही टूट जाती हैं। मॉडल टाउन स्थित निवास पर पत्रकारों से बातचीत के दौरान हुड्डा ने कहा कि एनसीआरबी की ताजा रिपोर्ट के अनुसार हरियाणा में रोजाना 9 लोग आत्महत्या कर रहे हैं। उन्होंने इसे युवाओं में बढ़ती बेरोजगारी, आर्थिक असुरक्षा और मानसिक तनाव का परिणाम बताया। हुड्डा ने आरोप लगाया कि सरकार जानबूझकर हरियाणा के युवाओं को नौकरियों से वंचित कर रही है। उन्होंने कहा कि यूजीसी गाइडलाइंस का उल्लंघन कर भर्ती नियम बनाए गए ताकि स्थानीय युवाओं को बाहर किया जा सके।

### पीएम स्वनिधि से समृद्धि योजना के तहत लगाए जा रहे लोन कैंप

रोहतक। जिला प्रशासन की ओर से प्रधानमंत्री स्वनिधि से समृद्धि योजना के तहत विभिन्न बैंक शाखाओं में विशेष ऋण शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इन शिविरों का उद्देश्य रेहड़ी-फड़ी लगाने वाले, छोटे दुकानदारों और स्वरोजगार से जुड़े लोगों को आर्थिक सहायता प्रदान कर आत्मनिर्भर बनाना है, ताकि वे अपने व्यवसाय को आगे बढ़ा सकें। उपायुक्त सचिन गुप्ता ने बताया कि प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर निधि योजना के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को 10 हजार रुपये, 20 हजार रुपये तथा 50 हजार रुपये तक का ऋण उपलब्ध करवाया जा रहा है। ऋण प्राप्त करने वाले लाभार्थियों को नौ प्रतिशत ब्याज सब्सिडी का लाभ भी दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि योजना के अंतर्गत लाभार्थियों को आठ प्रमुख कल्याणकारी योजनाओं से भी जोड़ा जाएगा। इनमें प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री जनधन योजना, प्रधानमंत्री श्रम योगी योजना, वन नेशन वन राशन कार्ड योजना, भवन एवं अन्य निर्माण कर्मकार योजना, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना तथा जननी सुरक्षा योजना शामिल हैं।

## किसानों ने प्रशासन को दी चेतावनी- मुआवजा तय होने तक खेतों में नहीं लगाने देंगे बिजली के टावर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक



जिले में हाईटेंशन बिजली लाइन और पावर ग्रिड परियोजना से प्रभावित किसानों ने मुआवजा नीति और प्रशासनिक कार्रवाई को लेकर नाराजगी जताई। गुरुवार को जिले के विभिन्न गांवों के किसान प्रतिनिधि लघु सचिवालय पहुंचे और प्रशासन के समक्ष अपनी मांगें रखीं। किसानों ने आरोप लगाया कि पावर ग्रिड कंपनी और संबंधित अधिकारियों की मिलीभगत से किसानों को उनकी जमीन के वास्तविक मूल्य से वंचित करने का प्रयास किया जा रहा है। किसानों का कहना है कि गत 13 मई को महम क्षेत्र में पावर ग्रिड कंपनी के कर्मचारी बिना मुआवजा राशि दिए किसानों के खेतों में बिजली के खंभे लगाने पहुंचे थे। इसकी जानकारी मिलते ही ग्रामीण और किसान मौके पर पहुंचे तथा शांतिपूर्ण तरीके से काम रुकवाते हुए अपनी आपत्ति दर्ज कराई। किसानों ने कहा कि पहले उचित मुआवजा तय किया जाए और उसके बाद ही खेतों में किसी प्रकार का कार्य किया जाए।

### शिक्षक पर अभद्र शब्द प्रयोग करने के आरोप

रोहतक। कलानौर खंड स्थित एक गांव के सरकारी स्कूल में एक छात्रा ने शिक्षक पर आरोप लगाए गए हैं कि वह बेंच पर पैर रखकर बैठता है और उससे अभद्र शब्दों का प्रयोग करता है। छात्रा ने पंचायत को दी शिकायत में यह भी कहा गया कि इससे स्कूल का माहौल प्रभावित हो रहा है और शिक्षक का तबादला किया जाना चाहिए। इसी मुद्दे को लेकर वीरवार को जिला परिषद सदस्य सोनू की अगुवाई में ग्रामीण लघु सचिवालय पहुंचे और अतिरिक्त उपायुक्त(एडीसी) नरेंद्र कुमार को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने मामले की निष्पक्ष जांच और उचित कार्रवाई की मांग की। ग्राम पंचायत द्वारा एक पत्र खंड शिक्षा अधिकारी कलानौर भी लिखा गया है, जिसमें कई दूसरे अध्यापकों पर भी स्कूल का माहौल खराब करने के आरोप लगे हैं। इन अध्यापकों में एक महिला भी बताई जा रही हैं। कुल मिलाकर अब इस घटना के बाद अब एक बड़ा सामाजिक सवाल खड़ा हो गया है कि क्या दूसरे स्कूलों में भी इस तरह की घटनाएं होती होंगी और छात्राएं शर्म, डर या संकोच के कारण अपने अभिभावकों तक बात पहुंचाने से बचती होंगी।

CSC CENTRE
REQUIREMENT
COMPUTER OPERATOR
2 (FEMALE)
Knowledge: Internet, Online Form, Portals Photoshop, MS Office
Experience Preferred
Name: Abhimanyu
& : 9812515432
Circular Road, Opposite Devi Vihar, Near Jhajjar Chungi, HP Petrol Pump, Rohtak

**टैलेंट** — सुपवा के विद्यार्थी अपनी अदाकारी को लेकर चर्चा में

## 'सपने वर्सेज एवरीवन-2' वेब सीरीज में रोहतक के 4 छात्रों ने अहम किरदार निभाकर छोड़ी छाप

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

दादा लख्मी चंद स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ परफॉर्मिंग एंड विजुअल आर्ट्स के छात्र अपनी अदाकारी को लेकर इन दिनों चर्चा में है। सुपवा के 4 छात्रों ने वेबसीरीज सपने वर्सेज एवरीवन के सीजन-2 में अपनी अदाकारी की छाप छोड़ी है। वेबसीरीज 1 मई को अमेजन प्राइम पर रिलीज हुई है। सपने वर्सेज एवरीवन के निर्देशक, लेखक के साथ मेन लीड में अंबरीश वर्मा स्वयं हैं। उन्होंने इसके सीजन-2 में डीएलसीसुपवा के 2015 एक्टिंग बैच के दिव्यांश देशवाल, गिरीश कत्याल, जतिन सरीन व 2021 बैच के अमन अहलावत को कास्ट किया। इनमें से दिव्यांश, गिरीश, अमन रोहतक जिले से ही संबद्ध हैं, जबकि जतिन दिल्ली निवासी है। दिव्यांश देशवाल स्पोर्टिंग एक्टर के तौर पर नजर आए हैं, तो गिरीश ने एक्टिंग के



दिव्यांश देशवाल



गिरीश कत्याल

साथ ही असिस्टेंट डायरेक्टर के तौर पर योगदान दिया है। जतिन हीरोइन के मंगेतर सोनू की भूमिका में हैं, तो अमन मेन लीड के पुत्र की भूमिका में हैं। सपने वर्सेज एवरीवन के सीजन-1 में सुपवा के ही 2011 डायरेक्शन बैच के पूर्व छात्र एवं असिस्टेंट प्रोफेसर आशीष नेहरा ने रतन का किरदार निभाया था। अशीष रोहतक जिले के हैं। आशीष के कार्य से निर्देशक, लेखक व अभिनेता अंबरीश वर्मा काफी प्रभावित हुए। आशीष ने ही वर्मा को सुपवा व यहां के छात्रों के टेंलेंट के बारे में बताया था।

### लगातार फिल्म इंडस्ट्री में रोशन कर रहे नाम

**दिव्यांश देशवाल** : एड फिल्म, म्यूजिक विडियो व कई शॉर्ट फिल्म में अभिनय किया। फिल्म इंडस्ट्री की नजर आने के बाद कई बड़े प्रोजेक्ट मिलने लगे। ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर आई कई वेब सीरीज व फिल्मों में अभिनय कर चुके। स्टेज ऐप की फिल्म खच्चर में लीड रोल में रहे। लाइसेंस फिल्म में एक्टिंग की तारीफ हुई। स्टेज ऐप की ही वीर किसान फिल्म में मुख्य भूमिका में नजर आए। कई वेब सीरीज व फिल्मों में रोल ऑफर हो चुके, इनमें से कई प्रोजेक्ट अभी पाइप लाइन में।

**गिरीश कत्याल** : हरियाणवी के साथ ही ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर अभिनेता के साथ ही निर्देशन में भी हाथ आजमा रहे। लाइसेंस फिल्म के असोसिएट डायरेक्टर रहे। बेवफाइयां के क्रिएटिव डायरेक्टर, उड़ान की आशा के असोसिएट डायरेक्टर रहे। हेडशॉट, सेना, कागज सीजन-2, कॉलेज कांड, वेलापंती आदि दर्जन भर प्रोजेक्ट के निर्देशन में सहयोग कर चुके। अनिल कपूर के साथ विज्ञापन फिल्म में नजर आने के साथ ही सेना, वेलापंती, कॉलेज कांड, लाइसेंस आदि में एक्टिंग भी कर चुके।

**जतिन सरीन** : थियेटर से फिल्मी दुनिया तक का सफर। ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर आई कई फिल्मों में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा चुके। नेटफलिक्स पर आई निर्देशक हंसल मेहता की फिल्म फराज व वेब सीरीज दिल्ली क्राइम सीजन-3, सोनी लिव पर आई निर्देशक तिग्मांशु धूलिया की फिल्म गरमी, जियो सिनेमा पर आई निर्देशक राज त्रिवेदी की फिल्म जो तेरा है वो मेरा है, में अपने अभिनय की खूशबू बिखेर चुके। कई वेब सीरीज व फिल्मों में रोल ऑफर हो रहे।

## न्यूज डायरी



### विधायक ने आगजनी की घटना से प्रभावित परिवार को दी 31 हजार रुपये की आर्थिक सहायता

महम। पिछले कुछ दिन पहले महम शहर में एक मकान में आग लग गई थी। आगजनी से पीड़ित परिवार को कई समाजसेवियों ने आर्थिक मदद की थी। स्थानीय विधायक बलराम दांगी इस दौरान विदेश यात्रा पर गए हुए थे। जैसे ही वे विदेश यात्रा से स्वदेश लौटे तो तुरंत पीड़ित परिवार से मिलने उनके घर पहुंचे। उन्होंने परिवार के मुखिया रामकुमार चंढवाल से परिवार का कुशलक्षेम पूछा। घर में जहां पर आगजनी की घटना हुई थी, वह स्थान देखा। विधायक ने अपने निजी कोष से 31 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की। जिला उपायुक्त सचिन गुप्ता से फोन पर बातचीत की। दांगी ने की सरकार से भी नुकसान की भरपाई करवाई जाएगी।



### जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी ने सुनीं लोगों की समस्याएं

रोहतक। वीरवार को लघु सचिवालय सभागार में आयोजित समाधान शिविर में जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजपाल चहल तथा विशाल सिंह ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाते हुए शिकायतों का समयबद्ध समाधान किया जाए। शिविर में डीएमसी जितेंद्र सिंह, परिवहन महाप्रबंधक नवीन कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। जिला मुख्यालय के अलावा सांपला और महम उपमंडलों में भी समाधान शिविर आयोजित किए गए। सांपला में अंकिता पुवार की अध्यक्षता में शिविर लगा, जबकि महम में विपिन कुमार की अध्यक्षता में आयोजित शिविर में चार शिकायतें प्राप्त हुईं। अधिकारियों को इन शिकायतों के समयबद्ध निपटारे के निर्देश दिए गए।

### सेवानिवृत्त एसडीओ रणबीर सिंह बने रोहतक में बीजेपी अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष



रोहतक। झज्जर जिला के गांव उखलचना (कोट) निवासी रणबीर सिंह निम्बड़िया को रोहतक में भारतीय जनता पार्टी के अनुसूचित जाति मोर्चा का जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। बिजली विभाग से एसडीओ के पद से सेवानिवृत रणबीर सिंह वर्तमान में रोहतक शहर में रहते हैं और झज्जर के पूर्व विधायक स्व. कप्तान मांगे राम के सुपुत्र है। रणबीर सिंह ने अपनी नियुक्ति पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली, बीजेपी अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सत्यप्रकाश जरावता तथा रोहतक बीजेपी जिला अध्यक्ष रणबीर ढाका का आभार जताया। रणबीर सिंह के मनोनयन पर गांव उखलचना और झज्जर शहर में डॉ. भीमराव अंबेडकर से संबंधित विभिन्न संस्थाओं ने खुशी जाहिर की है। उल्लेखनीय है कि बिजली विभाग में सेवा काल के दौरान तथा सेवानिवृत्ति के उपरांत रणबीर सिंह सामाजिक तौर पर सक्रिय रहे हैं। उनकी कार्यशैली को देखते हुए भारतीय जनता पार्टी ने उन्हें रोहतक जिला में महत्वपूर्ण दायित्व प्रदान किया है।

### बंद सीजन में चीनी मिल की तकनीकी खामियां दूर करे प्रबंधन : डीसी

रोहतक। सहकारी चीनी मिल्स लिमिटेड, रोहतक के प्रशासक मंडल की बैठक गुरुवार को कैंप कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त सचिन गुप्ता ने की। इस दौरान चीनी मिल से जुड़े विभिन्न तकनीकी विषयों पर चर्चा करते हुए आगामी पेराई सत्र की तैयारियों की समीक्षा की गई। बैठक में उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बंद सीजन के दौरान मिल में मौजूद सभी तकनीकी खामियों को प्राथमिकता के आधार पर दूर किया जाए, ताकि आगामी पेराई सत्र निर्धारित समय पर सुचारू रूप से शुरू किया जा सके। उन्होंने कहा कि समय पर तैयारी और तकनीकी सुधार से मिल संचालन में किसी प्रकार की बाधा नहीं आएगी। उपायुक्त ने कार्यों की गुणवत्ता, समयबद्धता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संबंधित अधिकारी तय समयसीमा में कार्य पूरा करें और उसकी गुणवत्ता से कोई समझौता न किया जाए। बैठक के दौरान प्रबंध निदेशक को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि सभी प्रशासनिक एवं वित्तीय कार्यों में पूरी पारदर्शिता बरती जाए और सभी प्रक्रियाएं नियमों के अनुरूप संचालित हों। उन्होंने कहा कि पारदर्शी और दक्ष प्रबंधन से मिल की कार्यक्षमता और विश्वसनीयता को और मजबूत बनाया जा सकता है। बैठक में चीनी मिल की प्रबंध निदेशक श्वेता सुहाग, सहकारी समितियों के सहायक रजिस्ट्रार नरेन्द्र कुमार, हरियाणा सहकारी समितियों के प्रतिनिधि रजिस्ट्रार अशोक कुमार, मुख्य लेखा अधिकारी सतीश सैनी, मुख्य अभियंता सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### वन अधिनियम में प्रस्तावित संशोधन सरकार की जिम्मेदारी से बचने की कोशिश: जीवन सिंह

रोहतक। भारतीय वन अधिनियम 1927 में प्रस्तावित संशोधनों को लेकर पर्यावरण संरक्षण समिति ने सरकार पर गंभीर सवाल उठाए हैं। समिति के सदस्य जीवन सिंह ने कहा कि सरकार द्वारा लाया गया प्रस्ताव वन संरक्षण से अधिक अपनी जिम्मेदारियों से बचने और विभागीय विफलताओं को छिपाने का प्रयास प्रतीत होता है। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित मसौदे में वृक्ष कटाई की अनुमति, वाहनों व औजारों की जब्ती, जुर्माना और सजा बढ़ाने जैसे प्रावधान शामिल किए गए हैं। साथ ही अधिकारियों की शक्तियों का विस्तार करने की बात कही गई है, लेकिन उनके कर्तव्यों और जवाबदेही को स्पष्ट करने पर कोई विचार नहीं किया गया। वन संपदा की सुरक्षा करते हुए शहीद या घायल होने वाले कर्मचारियों के सम्मान, प्रोत्साहन और पुरस्कार से जुड़ी व्यवस्थाओं को मसौदे में स्थान नहीं दिया गया है। वहीं मुखबिरों और वन संरक्षण में योगदान देने वाले लोगों को प्रोत्साहित करने के उपायों पर भी कोई चर्चा नहीं की गई।





### डॉक्टर टैब से बढ़ाएगा टोकन, वेटिंग हॉल में एलसीडी पर दिखेगा कब आएगा नंबर

रोहतक। सामान्य अस्पताल में अब मरीजों को लंबी कतारों और घंटों इंतजार की परेशानी से राहत मिलने वाली है। अस्पताल प्रशासन ने आधुनिक टोकन सिस्टम शुरू कर दिया है, जिसके तहत मरीजों का नंबर डॉक्टर टैबलेट के माध्यम से लगाएंगे और वेटिंग हॉल में लगी एलसीडी स्क्रीन पर मरीजों का क्रम दिखाई देगा। इस नई व्यवस्था का उद्देश्य अस्पताल की ओपीडी व्यवस्था को अधिक सुव्यवस्थित, पारदर्शी और मरीजों के अनुकूल बनाना है। अस्पताल में प्रतिदिन करीब 1500 से अधिक मरीज उपचार के लिए पहुंचते हैं। बढ़ती मरीज संख्या के कारण पंजीकरण काउंटर और डॉक्टरों के कमरों के बाहर लंबी कतारें लग जाती हैं। कई बार मरीजों और उनके परिजनों को घंटों तक अपनी बारी का इंतजार करना पड़ता है, जिससे अव्यवस्था और विवाद की स्थिति भी बन जाती है। खासकर बुजुर्ग, महिलाएं और गंभीर रोगियों को अधिक परेशानी झेलनी पड़ती है। इन्हीं समस्याओं को देखते हुए अस्पताल प्रशासन ने डिजिटल टोकन सिस्टम लागू किया है। नई व्यवस्था के तहत मरीज पहले पंजीकरण करवाएंगे, जिसके बाद उन्हें एक टोकन नंबर जारी किया जाएगा। डॉक्टर अपने टैबलेट से मरीजों का नंबर आगे बढ़ाएंगे और उसी समय वेटिंग हॉल में लगी एलसीडी स्क्रीन पर संबंधित मरीज का टोकन नंबर प्रदर्शित होगा।

## खबर संक्षेप

### प्रो. विनीत कुमार सिंगला बने यूआईईटी निदेशक

**रोहतक।** मदवि के कुलपति प्रो. मिलाप पूनिया ने मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के प्राध्यापक प्रो. विनीत कुमार सिंगला को यूनिवर्सिटी इंजीनियरिंग एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (यूआईईटी) का निदेशक नियुक्त किया है।

### एमए एजुकेशन और लोक प्रशासन की परीक्षा के परिणाम जारी

**रोहतक।** मदवि ने दिसंबर 2025 में आयोजित एमए एजुकेशन के प्रथम और तीसरे सेमेस्टर, एमए लोक प्रशासन के तीसरे सेमेस्टर के फ्रेश व री-अपीयर तथा एमए लोक प्रशासन (ऑनलाइन) के तीसरे सेमेस्टर फ्रेश की परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया है। परीक्षा नियंत्रक प्रो राहुल ऋषि ने बताया कि परीक्षा परिणाम एमडीयू वेबसाइट पर उपलब्ध रहेगा।

### मर्सी चांस के लिए आवेदन 15 मई से

**रोहतक।** मदिव द्वारा विद्यार्थियों को बड़ी राहत देते हुए मर्सी चांस के ऑनलाइन आवेदन 15 मई से शुरू किए जा रहे हैं। परीक्षा नियंत्रक प्रो. राहुल ऋषि के अनुसार वर्ष 2001 के बाद पंजीकृत विद्यार्थी इस विशेष अवसर का लाभ उठा सकेंगे। ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 15 मई से 5 जून 2026 तक चलेगी, जबकि परीक्षाएं अगस्त 2026 में विश्वविद्यालय परिसर में ऑफलाइन माध्यम से आयोजित की जाएंगी।

### 20 मई से शुरू होंगी मदवि की परीक्षाएं

**रोहतक।** मदवि की मई 2026 की विभिन्न स्नातक एवं प्रोफेशनल पाठ्यक्रमों की थ्योरी परीक्षाएं 20 मई से प्रारंभ होंगी। परीक्षा नियंत्रक प्रो. राहुल ऋषि ने बताया कि परीक्षाओं की डेटशीट जारी कर दी गयी है। डेटशीट एमडीयू वेबसाइट पर उपलब्ध रहेगी।

### एमडीयू में डॉ. रवि प्रभात बने कुलपति के ओएसडी

**रोहतक।** मदवि के कुलपति प्रो. मिलाप पूनिया ने संस्कृत विभाग के प्राध्यापक डॉ. रवि प्रभात को कुलपति के विशेष कार्य अधिकारी (ओएसडी) की जिम्मेदारी सौंपी है। कुलसचिव प्रो संदीप बंसल ने बताया कि यह नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू कर दी गई है।

### दुष्कर्मी को बीस साल की सजा और जुर्माना

**रोहतक।** जिला अदालत ने नाबालिग लड़की से दुष्कर्म के मामले में दोषी को 20 साल कैद की सजा और में 65000 रुपये जुर्माना लगाया है। कस्बा महम के गांव में रहने वाले व्यक्ति ने जुलाई 2023 में पुलिस को दी शिकायत में नौवीं में पढ़ने वाली नाबालिक के साथ दुष्कर्म का आरोप पड़ोस में रहने वाले रंजन पर लगाया था। इसी मामले में सजा सुनाई गई है।

## आंगनवाड़ी केंद्रों की हकीकत

# जिसको चाहिए उनको मिल नहीं रहा, जिन्हें जरूरत नहीं उन्हें दिया जा रहा पौष्टिक आहार

**जिले के 1004 आंगनबाड़ी केंद्रों में 64000 से अधिक बच्चे**

**कई केंद्रों पर बच्चों की उपस्थिति बेहद कम**

**रोहतक।** सरकार और प्रशासन भले ही बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्रों में पौष्टिक आहार देने के दावे तो करता है, लेकिन हकीकत कुछ और ही है। बताया जा रहा है कि जिन्हें इस योजना के लाभ की जरूरत है उन बच्चों तक इस योजना का लाभ पहुंच ही नहीं रहा, जबकि जिन्हें जरूरत नहीं है उनको पौष्टिक आहार दिया जा रहा है। ऐसे में यह योजना मजाक बनकर रह गई है। इस पर गंभीर सवाल उठने लगे हैं। एक ओर विभागीय रिकॉर्ड में हजारों बच्चों को पूरक पोषाहार उपलब्ध कराने के दावे किए जा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर कई केंद्रों पर बच्चे नियमित रूप से पहुंच ही नहीं रहे। जिले में कुल 1004 आंगनबाड़ी केंद्र हैं।

### क्या कहते हैं आंकड़े

| क्षेत्र | बच्चे |
|---|---|
| रोहतक शहरी | 18,754 |
| चिड़ी ब्लॉक | 5,164 |
| कलानौर ब्लॉक | 8,270 |
| महम ब्लॉक | 11,544 |
| रोहतक ग्रामीण | 12,919 |
| सांपला ब्लॉक | 7,989 |
| कुल बच्चे (6 माह से 6 वर्ष) | 64,640 |

**बच्चों तक नहीं पहुंच पा रहा पूरा पोषाहार**

**कर्मचारियों को एक साथ कई काम दिए, इससे भी दिक्कत**

### बच्चों के लिए मेन्यू

| दिन/श्रेणी | खाद्य पदार्थ |
|---|---|
| सप्ताह में 2 दिन | प्रोटीन मिल्क बार |
| सप्ताह में 2 दिन | सुगंधित स्किम्ड मीठा दूध |
| सप्ताह में 2 दिन | इंस्टेंट खीर |

*अतिरिक्त पौष्टिक आहार में माइक्रोन्यूट्रिएंट फोर्टीफाइड पंजीरी, नमकीन दलिया, वेजिटेबल पुलाव, आलू पूरी और स्टफ्ड परांठा शामिल है।*

नोट : पहले बच्चों को छह दिन सुगंधित दूध पाउडर देते थे, लेकिन नई व्यवस्था में इसे बदलकर अलग-अलग पौष्टिक पदार्थ शामिल किए हैं।

### 20 बच्चों का खाना, पहुंचते हैं सिर्फ 8

अलग खबर

आंगनबाड़ी केंद्रों की दिनचर्या देखें तो कई जगह हेल्पर सुबह बच्चों को बुलाने के लिए घर-घर जाती हैं। केंद्र पर बच्चों के लिए निर्धारित मेन्यू के अनुसार भोजन तैयार किया जाता है, लेकिन वास्तविक उपस्थिति काफी कम रहती है। कई केंद्रों पर 20 बच्चों के हिसाब से भोजन बनता है, जबकि वहां केवल 7 से 8 बच्चे ही पहुंचते हैं।

**कई कई काम दिए गए**

एक आंगनबाड़ी केंद्र पर एक वर्कर और हेल्पर नियुक्त है। कई वर्करों को अतिरिक्त केंद्रों का चार्ज दिया है। बच्चों को संभालने, भोजन तैयार करवाने और वितरण कराने के अलावा गर्भवती महिलाओं का रिकॉर्ड तैयार करना, सर्वे, पोषण ट्रैकिंग और अन्य कार्य भी करने पड़ते हैं।

### क्या कहती हैं महिलाएं

**केवल पंजीरी या दलिया ही मिलता है**



मेन्यू में बच्चों के लिए कई तरह के पौष्टिक भोजन लिखे हैं, लेकिन केंद्र पर ज्यादातर समय केवल पंजीरी या दलिया ही मिलता है। बच्चों को दूध या खीर जैसी चीजें बहुत कम दी जाती हैं। सरकार ने अच्छी योजना बनाई है, लेकिन लाभ नहीं दिख रहा। -अनीता

**पोषाहार नियमित नहीं**



केंद्रों पर मिलने वाला पोषाहार नियमित नहीं है। कई बार महिलाएं केंद्र तक पहुंचती हैं, लेकिन बताया जाता है कि सामान नहीं आया। गर्भवती महिलाओं को पोषण की ज्यादा जरूरत होती है, इसलिए व्यवस्था में सुधार जरूरी है। -रत्नी

**काम का बोझ काफी ज्यादा**



आंगनबाड़ी वर्करों को कई कामों में लगा दिया जाता है, जिसके कारण बच्चों के पोषण और देखभाल पर पूरा ध्यान नहीं दिया जा पाता। सरकार को स्टाफ बढ़ाना चाहिए ताकि योजनाएं सही तरीके से लागू हो सकें। -राममूर्ति

# ऑनलाइन ठगी : पूर्व फौजी और बुजुर्ग निशाने पर, झटके में खाली हो रहे खाते

**एटीएम कार्ड बदलकर बना रहे शिकार**

**हर दिन दो से अधिक केस**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

बेटा, जरा पैसे निकलवा दो मशीन समझ नहीं आती। बस यही भरोसा कई लोगों की जिंदगी भर की कमाई पर भारी पड़ रहा है। रोहतक समेत जिले भर में एटीएम कार्ड बदलकर ठगी करने वाले गिरोह तेजी से सक्रिय हो चुके हैं। खासकर बुजुर्ग, ग्रामीण और कम पढ़े-लिखे लोग इनके निशाने पर हैं। मदद के नाम पर एटीएम कार्ड बदलना और फिर खाते से रकम उड़ाना अब साइबर अपराध का नया तरीका बन चुका है। साइबर थाना के आंकड़े बताते हैं कि पिछले एक साल में जिले में एटीएम कार्ड बदलकर ठगी के करीब 760 मामले सामने आए हैं। इनमें कई लोगों की जमा पूंजी कुछ ही मिनटों में साफ हो गई। पुलिस और बैंक अधिकारी लगातार लोगों को जागरूक कर रहे हैं, लेकिन ठग नए-नए तरीके अपनाकर लोगों को शिकार बना रहे हैं।

### कैसे होता है पूरा खेल

यह गिरोह ज्यादातर एटीएम बूथों के आसपास सक्रिय रहता है। ठग ऐसे लोगों पर नजर रखते हैं जिन्हें मशीन चलाने में परेशानी हो रही हो। जैसे ही कोई व्यक्ति मदद मांगता है, ठग बेहद शालीनता से आगे आते हैं। वे पहले कार्ड लेकर मशीन में लगाने का नाटक करते हैं और बातचीत के दौरान चालाकी से कार्ड बदल देते हैं। कई मामलों में आरोपी पीड़ित से पिन भी पूछ लेते हैं। कुछ ठग मशीन खराब होने या ट्रांजेक्शन फेल होने का बहाना बनाकर कार्ड वापस कर देते हैं। पीड़ित को लगता है कि वही कार्ड वापस मिला है, जबकि असल में उसका कार्ड बदल चुका होता है। इसके बाद आरोपी दूसरे एटीएम या ऑनलाइन माध्यम से खाते से रकम निकाल लेते हैं।



खास खबर

मदद के बहाने बदल देते हैं कार्ड, मिनटों में उड़ जाते हैं लाखों रुपये

बेटा, जरा पैसे निकलवा दो मशीन समझ नहीं आती बस यही भरोसा कई लोगों की जिंदगी भर की कमाई पर भारी पड़ रहा है।

### बुजुर्ग के खाते से पांच मिनट में उड़े 85000

कच्चा बेरी रोड निवासी 62 वर्षीय सुरेश कुमार ने बताया कि वह पेंशन निकालने एटीएम गए थे। वहां खड़े एक युवक ने मदद करने की बात कही। युवक ने कुछ देर मशीन चलाई और कहा कि ट्रांजेक्शन नहीं हो रहा। इसके बाद उसने कार्ड वापस कर दिया। सुरेश कुमार घर पहुंचे ही थे कि मोबाइल पर लगातार मैसेज आने लगे। खाते से 20-20 हजार रुपये निकालने के चार मैसेज आए। कुल 85 हजार रुपये निकल चुके थे। बाद में पता चला कि उनका कार्ड बदल दिया गया था। इसी तरह गांव के एक किसान ने बताया कि गेहूं की फसल का भुगतान खाते में आया था। पैसे निकालने गए तो एक युवक ने सहायता के बहाने कार्ड बदल लिया। कुछ ही देर में खाते से पूरी रकम साफ हो गई।

### ग्रामीण भी सबसे ज्यादा निशाने पर

साइबर विशेषज्ञों का कहना है कि ठग खासकर बुजुर्गों और ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को निशाना बनाते हैं। कई लोग अभी भी एटीएम मशीन का इस्तेमाल पूरी तरह नहीं समझते। ऐसे में वे अनजान लोगों की मदद लेने लगते हैं, जिसका फायदा अपराधी उठाते हैं। साइबर थाना अधिकारियों के अनुसार कई मामलों में पीड़ितों को कई घंटों तक यह पता ही नहीं चलता कि उनका कार्ड बदला जा चुका है। जब तक बैंक या मोबाइल मैसेज से जानकारी मिलती है, तब तक खाते से रकम निकाली जा चुकी होती है। इस लिए सावधानी बरतनी जरूरी है।

### पुलिस की अपील

साइबर पुलिस ने लोगों से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति से सावधान रहें। यदि एटीएम कार्ड खो जाए या बदलने का शक हो तो तुरंत बैंक हेल्पलाइन और साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराएं। समय रहते कार्रवाई होने पर रकम वापस मिलने की संभावना बढ़ जाती है।

### अनजान को अपने एटीएम कार्ड का पिन नहीं बताएं

बैंक अधिकारियों ने दी अहम सलाह

बैंक अधिकारियों का कहना है कि ग्राहक कुछ सावधानियां अपनाकर इस तरह की ठगी से बच सकते हैं। किसी भी अनजान व्यक्ति को अपना एटीएम कार्ड या पिन नहीं बताना चाहिए। यदि मशीन चलाने में परेशानी हो रही हो तो केवल बैंक कर्मचारी या अधिकृत गार्ड से ही मदद लें। बैंक अधिकारियों ने सलाह दी कि एटीएम में पिन डालते समय कीपैड को हाथ से ढक लें। ट्रांजेक्शन के बाद कार्ड तुरंत जांच लें कि वह आपका ही है या नहीं। मोबाइल नंबर बैंक खाते से अपडेट रखें ताकि हर ट्रांजेक्शन की जानकारी तुरंत मिल सके।

**साइबर थाने में बढ़ रही शिकायतें**

साइबर थाना अधिकारियों के अनुसार पिछले साल में करीब 760 शिकायतें एटीएम कार्ड बदलकर ठगी से जुड़ी मिली हैं। इनमें बड़ी संख्या ऐसे लोगों की है, जिन्हें शुरुआत में यह समझ ही नहीं आया कि उनके साथ धोखाधड़ी हो चुकी है। पुलिस का कहना है कि कई मामलों में सीसीटीवी फुटेज की मदद से आरोपियों तक पहुंचने की कोशिश की जाती है, लेकिन गिरोह बेहद शातिर तरीके से काम करते हैं। वे अक्सर नकाब या कैप पहनकर आते हैं और वारदात के बाद तुरंत निकल जाते हैं।

## ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी

# एसपी का पीजीआई थाने में तीन घंटे मंथन, लंबित केसों पर मांगा जवाब





**कई मामलों में देरी मिलने पर संबंधित जांच अधिकारियों से जवाब तलब किया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शहर में कानून व्यवस्था को और मजबूत बनाने तथा लंबित मामलों के जल्द निपटारे को लेकर पुलिस अधीक्षक एसपी ने बृहस्पतिवार को पीजीआई थाना का औचक निरीक्षण किया। करीब तीन घंटे तक चली इस मैराथन बैठक में एसपी ने थाना रिकॉर्ड, लंबित केस, अपराध नियंत्रण और पुलिस कार्यशैली की गहन समीक्षा की। उन्होंने कहा कि अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई में किसी तरह की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी और किसी भी आरोपी को बख्शा न जाए। निरीक्षण के दौरान एसपी ने सबसे पहले थाना परिसर, मालखाना, रिकॉर्ड रूम, हवालात और शिकायत रजिस्टर की जांच की। उन्होंने थाने में आने वाली शिकायतों के निपटारे की प्रक्रिया को भी बारीकी से देखा। कई मामलों में देरी मिलने पर संबंधित जांच अधिकारियों से जवाब तलब किया गया। एसपी ने कहा कि लंबित मामलों को तुरंत निपटाएं।

### सुनारियां में युवाओं को किया जागरूक

**रोहतक।** पुलिस अधीक्षक गौरव राजपुरोहित के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आयुष यादव ने बुधवार को गांव सुनारियां का दौरा कर ग्रामीणों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने गांव के सरपंच, मौजिज व्यक्तियों, महिलाओं और युवाओं से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा मौके पर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।एएसपी आयुष यादव ने युवाओं को नशे से दूर रहने और खेलों की ओर बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने गांव स्थित संजू कोच आर्यन एकेडमी का भी दौरा किया।



# फिजिक्स विभाग के प्रो. राजेश पुनिया बने डीन संभाला दायित्व

**रोहतक।** महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. मिलाप पूनिया ने फिजिक्स विभाग के प्रोफेसर डॉ. राजेश पुनिया को डीन, कॉलेज डेवलपमेंट काउंसिल (सीडीसी) नियुक्त किया है। विवि कुलसचिव प्रो. संदीप बंसल ने बताया कि प्रो. राजेश पुनिया को यह दायित्व अतिरिक्त कार्यभार के तौर पर तुरंत प्रभाव से दिया गया है। प्रो. राजेश पुनिया ने वीरवार को कार्यभार सँभालते हुए कुलपति प्रो. मिलाप पूनिया तथा विश्वविद्यालय प्रशासन का आभार जताया। उन्होंने कहा कि वे विश्वविद्यालय एवं संबद्ध महाविद्यालयों के समग्र विकास, बेहतर शैक्षणिक वातावरण तथा विद्यार्थियों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देंगे। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति के अनुरूप कॉलेजों में गुणवत्तापरक शिक्षा और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए प्रभावी प्रयास किए जाएंगे। इस अवसर पर डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. ए.एस. मान, प्रॉक्टर प्रो. रणदीप राणा, प्रो. नसीब सिंह गिल आदि मौजूद रहे।

### परीक्षाओं को लेकर निषेधाज्ञा लागू, 30 जून तक रहेगी जारी

**रोहतक।** अखिल भारतीय जाट हीरोज मेमोरियल महाविद्यालय में आयोजित होने वाली स्नातक और स्नातकोत्तर परीक्षाओं को शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न करवाने के लिए जिला प्रशासन ने निषेधाज्ञा लागू कर दी है। जिलाधीश सचिन गुप्ता ने बताया कि महाविद्यालय में 18 मई से 30 जून 2026 तक विभिन्न स्नातक एवं स्नातकोत्तर परीक्षाएं आयोजित की जाएंगी। परीक्षाएं दो सत्रों में होंगी। प्रातःकालीन सत्र सुबह 9:30 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक तथा सायंकालीन सत्र दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित किया जाएगा। कॉलेज परिसर के 100 मीटर दायरे में पांच या उससे अधिक व्यक्तियों के एकत्रित होने पर प्रतिबंध रहेगा। 100 मीटर क्षेत्र में स्थित जीरॉक्स, फोटो स्टेट, डुप्लिकेटिंग सुविधा, साइबर कैफे व अन्य संबंधित दुकानें परीक्षा समय के दौरान बंद रहेंगी। सुबह 9:30 बजे से 12:30 बजे तथा दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक इन गतिविधियों पर प्रतिबंध लागू रहेगा।

# कच्चा बेरी रोड क्षेत्र से नौकरी पर गए दंपति के घर से सोना, चांदी और नकदी उड़ाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शहर में चोरों के हौसले लगातार बुलंद होते जा रहे हैं। ताजा मामला कच्चा बेरी रोड क्षेत्र से सामने आया है, जहां दिनदहाड़े सूने मकान को निशाना बनाकर चोर लाखों रुपये के गहने और नकदी चोरी कर फरार हो गए। घटना का पता उस समय चला, जब मकान मालिक शाम को नौकरी से घर लौटे। पीड़ित अनिल कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह और उनकी पत्नी दोनों नौकरी करते हैं। रोजाना की तरह सुबह दोनों घर को ताला लगाकर अपने-अपने कार्यस्थल पर चले गए थे। घर बंद होने का फायदा उठाकर चोरों ने मकान को निशाना बना लिया।





### शाम को घर लौटे तो बिखरा मिला सामान

अनिल कुमार ने बताया कि जब वह शाम को घर पहुंचे तो मुख्य दरवाजे और कमरों की हालत देखकर उन्हें चोरी का अंदेशा हुआ। अंदर जाकर देखा तो अलमारी और सामान पूरी तरह बिखरा पड़ा था। चोर अलमारी के लॉकर तोड़कर उसमें रखे जेवरात और नकदी लेकर फरार हो चुके थे। घटना के बाद परिवार के होश उड़ गए। पीड़ित के अनुसार चोर घर से करीब 40 ग्राम सोने के जेवरात चोरी कर ले गए, जिनकी कीमत लगभग छह लाख रुपये बताई जा रही है। इसके अलावा करीब 400 ग्राम चांदी के आभूषण, जिनकी कीमत करीब एक लाख रुपये है, भी गायब मिले। चोर करीब 60 हजार रुपये की नकदी भी अपने साथ ले गए।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

### अलग-अलग जगहों से दो युवक अवैध हथियारों सहित गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस ने अवैध हथियार रखने वालों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए दो युवकों को अलग-अलग स्थानों से गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से दो देसी पिस्तौल और एक जिंदा राउंड बरामद किया गया है। बता दें कि एवीटी एवं पीओ स्टाफ की टीम सहायक उपनिरीक्षक सज्जन के नेतृत्व में गश्त पर मौजूद थी। इसी दौरान टीम महम आउटर बाईपास स्थित शेर-ए-पंजाब ढाबा के पास पहुंची। वहां पुलिस को एक युवक संदिग्ध हालत में घूमता दिखाई दिया। शक होने पर पुलिस ने उसे रोककर पूछताछ की। युवक पुलिस को देखकर घबरा गया, जिसके बाद टीम ने उसकी नियमानुसार तलाशी ली। तलाशी के दौरान युवक के पास से एक देसी पिस्तौल और एक जिंदा राउंड बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपी की पहचान राहुल उर्फ कीड़ा पुत्र महेंद्र निवासी गांव भैणी महाराजपुर के रूप में हुई। पुलिस ने मौके पर ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के खिलाफ थाना महम में केस दर्ज किया गया है।

**आउटर बाइपास के पास दूसरा आरोपी भी किया गिफ्तार**

एक अन्य कार्रवाई में सीआईए-2 स्टाफ की टीम ने भी अवैध हथियार के साथ युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। मुख्य सिपाही परमजीत के नेतृत्व में टीम चमारिया पुल के पास गश्त कर रही थी। इसी दौरान आउटर बाईपास के नीचे पुल के पास एक युवक संदिग्ध परिस्थितियों में दिखाई दिया। पुलिस टीम ने जब युवक को रोककर पूछताछ की तो वह संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया। शक होने पर उसकी तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से एक देसी पिस्तौल बरामद हुई। आरोपी की पहचान विकास उर्फ नान्हा निवासी गांव सिसरौली के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपी को तुरंत गिरफ्तार कर थाना सदर में केस दर्ज किया है। दोनों आरोपियों को अदालत में पेश किया गया, जहां से पुलिस ने आगे की पूछताछ के लिए कार्रवाई शुरू कर दी।

## ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 26 मई

# लीडरशिप से लेकर प्रशासन तक नए रास्ते खोल रहा पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन कोर्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

स्टूडेंट गाइड

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) का लोक प्रशासन विभाग युवाओं को प्रशासनिक और प्रबंधकीय क्षेत्र में मजबूत करियर देने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। एमडीयू के पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन विभाग के अध्यक्ष प्रो सेवा सिंह दहिया ने बताया कि नई शिक्षा नीति (एनईपी-2020) के तहत सत्र 2026-27 के लिए शुरू किए गए 4-वर्षीय बीए (पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन) प्रोग्राम में विद्यार्थियों को केवल अकादमिक ज्ञान ही नहीं, बल्कि नेतृत्व क्षमता, नीति विश्लेषण, टीम मैनेजमेंट और वित्तीय प्रशासन जैसे व्यावहारिक कौशल भी सिखाए जाएंगे। विभाग का उद्देश्य छात्रों को सिविल सेवा, सरकारी विभागों, कॉर्पोरेट सेक्टर और सामाजिक संस्थाओं में जिम्मेदार भूमिकाओं के लिए तैयार करना है। खास बात यह है कि इस कोर्स का सिलेबस यूपीएससी की तैयारी में भी मददगार माना जाता है। विश्वविद्यालय ने इस कोर्स के लिए 60 सीटें निर्धारित की हैं और ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। आवेदन की अंतिम तिथि 26 मई तय की गई है।



**एमडीयू ने सत्र 2026-27 के लिए 60 सीटों पर मांगे आवेदन**

### करियर की अपार संभावनाएं

- ▶▶ **सिविल सेवा :** इस विषय का सिलेबस यूपीएससी के जनरल स्टडीज और वैकल्पिक विषय से काफी मिलता-जुलता है, जिससे प्रशासनिक सेवाओं की तैयारी आसान हो जाती है।
- ▶▶ **प्रशासनिक भूमिकाएं :** स्नातक नगर पालिकाओं, सरकारी विभागों व सार्वजनिक उपक्रमों में प्रशासनिक अधिकारी के रूप में करियर बना सकते हैं।
- ▶▶ **एनजीओ और सामाजिक क्षेत्र :** सामुदायिक विकास और समाज सेवा से जुड़ी संस्थाओं में नीति प्रबंधन और नेतृत्व की भूमिका निभाने के बेहतरीन अवसर मिलते हैं।
- ▶▶ **निजी क्षेत्र और कॉर्पोरेट :** बड़ी कंपनियों में पब्लिक रिलेशंस, ह्यूमन रिसोर्स और कॉर्पोरेट एडमिनिस्ट्रेशन में इन ग्रेजुएट्स की भारी मांग रहती है।
- ▶▶ **पॉलिसी रिसर्च :** थिंक टैंक और रिसर्च संस्थाओं के साथ जुड़कर सरकारी नीतियों का विश्लेषण करने और सलाहकार के रूप में काम करने का मौका मिलता है।

### विद्यार्थियों के लिए सुनहरा मौका

एमडीयू के पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन विभाग के अध्यक्ष प्रो सेवा सिंह दहिया ने बताया कि इस 4-वर्षीय कोर्स के दौरान छात्रों को लीडरशिप, टीम मैनेजमेंट, वित्तीय प्रशासन (बजट बनाना) और नीति विश्लेषण जैसे महत्वपूर्ण गुण सिखाए जाते हैं, जो उन्हें एक कुशल प्रबंधक बनाते हैं। ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 11 मई से शुरू हो गई थी। आवेदन करने की अंतिम तिथि 26 मई है। शासन और प्रबंधन की बारीकियों को समझने और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के इच्छुक विद्यार्थियों के लिए यह एक सुनहरा मौका है।



# होटल में युवक की मौत, नशे के ओवरडोज की आशंका

**रोहतक।** नए बस स्टैंड के पीछे स्थित ब्लैक डायमंड होटल में व्यक्ति का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही बस स्टैंड चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और कमरे को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए एफएसएल टीम को भी मौके पर बुलाया गया। मृतक की पहचान करीब 40 वर्षीय राजेश निवासी गांव खुड्डन, जिला झज्जर के रूप में हुई है। पुलिस जांच में सामने आया कि राजेश अपने दो दोस्तों सुशांत और धर्मेंद्र के साथ देर रात होटल में ठहरा था। तीनों ने एक ही कमरे में रुककर कथित रूप से नशा किया था।

सुबह करीब 11 बजे तक कमरे से कोई हलचल नहीं हुई तो होटल स्टाफ को शक हुआ। कमरे की जांच करने पर राजेश अचेत अवस्था में मिला। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। प्रारंभिक जांच में नशे की ओवरडोज को मौत का कारण माना जा रहा है। जानकारी के अनुसार राजेश और उसके दोनों दोस्त लंबे समय से नशे के आदी बताए जा रहे हैं। तीनों झज्जर से रोहतक आए थे और होटल में ठहरने के बाद नशा किया। घटना के बाद सुशांत और धर्मेंद्र की हालत सामान्य बताई जा रही है। पुलिस ने दोनों से पूछताछ कर घटनाक्रम की जानकारी जुटाई है।